



तिथि-चैत्र, शुक्ल, द्वितीया

सोना - 91,945
चांदी - 1,04,000
शेयर मार्केट- 77,414
निफ्टी- 23,519
अधिकतम -36 °c
न्यूनतम -19 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-127 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, सोमवार 31 मार्च, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये

# प्रधानमन्त्री बनने के बाद पहली बार ‘संघ’ मुख्यालय पहुंचे नरेन्द्र मोदी

## आरएसएस संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को दी श्रद्धांजलि

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह करीब 9 बजे नागपुर पहुंचे हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में पीएम मोदी ने संघ मुख्यालय का दौरा किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी का संघ मुख्यालय का यह पहला दौरा है और इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर कहा कि उनके नागपुर आगमन से पूरे विदर्भ में उत्साह का माहौल है। 47 स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है।

बता दें, पीएम मोदी डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर गए और आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर की समाधि पर श्रद्धांजलि की। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्मृति मंदिर पहुंचे और उन्होंने डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया। यह वह स्थान है जहां डॉ. बीआर अंबेडकर और उनके अनुयायियों ने बौद्ध धर्म अपनाया था। पीएम मोदी ने महात्मा बुद्ध की भी पूजा की। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी साथ मौजूद रहे। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि एक ‘विकसित और समावेशी भारत’ का निर्माण



- पेड़ से वटवृक्ष बन गया है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : मोदी
- महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया

करना ही भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नागपुर दौरे के दौरान पीएम मोदी ने दीक्षाभूमि पर डॉ. बी.आर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां अंबेडकर ने 1956 में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। वे दीक्षाभूमि के स्तूप के अंदर गए और वहां रखी अंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों की डायरी में हिंदी में लिखे अपने संदेश में मोदी ने कहा, मैं अभिभूत हूं कि मुझे नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के पांच पंचतीर्थ में से एक दीक्षाभूमि पर जाने का अवसर मिला।

उन्होंने आगे लिखा, यहां के पवित्र वातावरण में कोई भी बाबासाहेब के सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय के सिद्धांतों को महसूस कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि दीक्षाभूमि लोगों को गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए समान अधिकारों और न्याय की व्यवस्था के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि इस अमृत कालखंड में हम बाबासाहेब अंबेडकर के मूल्यों और शिक्षाओं के साथ देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। एक विकसित और समावेशी भारत का निर्माण ही बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पीएम मोदी ने आखिरी बार 2017 में दीक्षाभूमि का दौरा किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर दौरे पर हैं और इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय का भी दौरा किया। पीएम मोदी और आरएसएस का साथ वर्षों पुराना है और संघ के 100 साल पूरा होने पर पीएम मोदी आरएसएस के नागपुर मुख्यालय पर पहुंचे और स्वयंसेवकों की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और गुरुजी गोलवलकर को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ का 100 साल पहले बोया गया पेड़ अब वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि इसी साल आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 साल पूरे हो रहे हैं और इस अवसर पर मुझे स्मृति मंदिर जाकर पूज्य डॉ. साहब और पूज्य गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य मिला है। पीएम मोदी ने डॉ. हेडगेवार और एमएस गोलवलकर के प्रभाव को स्वीकार करते हुए कहा, मेरे जैसे अनगिनत लोग परम पूज्य डॉक्टर साहब और पूज्य गुरुजी के विचारों से प्रेरणा और (शेष पृष्ठ 7 पर)

# देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों की जबरदस्त धूम

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ‘मन की बात’ के 120वें एपिसोड में ‘त्योहारों की एकता’, ‘परीक्षा पे चर्चा’, ‘जल संरक्षण’, खेलो इंडिया पैरा गेम्स, हनुमानकाइंड समेत कई बातों का जिक्र किया। उन्होंने त्योहारों की महत्ता, अपने बचपन के दिन, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, फूल यात्रा, खेलो इंडिया, टेक्सटाइल वेस्ट और विदेशी दौरे का जिक्र किया। आइये जानते हैं पीएम मोदी के ‘मन की बात’ की दस बड़ी बातें। पीएम मोदी ने त्योहारों का जिक्र करते हुए कहा, हमारे देश के अलग-अलग राज्यों में आज और अगले कुछ दिनों में नववर्ष शुरू हो रहे हैं। आज कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में उगादि का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है।

आज ही महाराष्ट्र में गुड़ीपड़वा मनाया जा रहा है। विविधता भरे हमारे देश में, अलग-अलग राज्यों में अगले कुछ दिनों में असम में ‘रोंगाली बिहू’, बंगाल में ‘पोइला बोइशाख’, और कश्मीर में ‘नवरेह’ का उत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह, 13 से 15 अप्रैल के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों की जबरदस्त धूम दिखेगी। इसे लेकर भी उत्साह का माहौल है और ईद का त्योहार तो आ ही रहा है। यानी ये पूरा महीना त्योहारों और पर्वों



- त्योहारों की एकता’, ‘परीक्षा पे चर्चा’ से लेकर हनुमानकाइंड तक, पीएम मोदी ने की ‘मन की बात’

का है। मैं देश के लोगों को इन त्योहारों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने जलशक्ति मंत्रालय द्वारा देशभर में किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की और जल संरक्षण के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा, गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर-शहर, गांव-गांव, पानी बचाने की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं। अनेक राज्यों में वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कामों ने, जल संरक्षण से जुड़े कामों ने नई तेजी पकड़ी है। जलशक्ति मंत्रालय और अलग-अलग स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के गडग जिले के लोगों के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले यहां के दो गांव की झीलें पूरी तरह सूख गईं। एक समय ऐसा भी आया जब वहां पशुओं के पीने के लिए भी पानी नहीं बचा। धीरे-धीरे झील घास-फूस और झाड़ियों से भर गई। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने झील को पुनर्जीवित करने का फैसला किया और काम में जुट गए।

पीएम मोदी ने कहा कि गांव के लोगों के प्रयासों को देखकर आसपास की सामाजिक संस्थाएं भी उनसे जुड़ गईं। सब लोगों ने मिलकर कचरा और कीचड़ साफ किया और कुछ समय बाद झील वाली जगह बिल्कुल साफ हो गई। अब लोगों को इंतजार है बारिश के मौसम का। प्रधानमंत्री ने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा, मुझे तो अपने बचपन के दिन याद आ गए जब मैं और मेरे दोस्त दिनभर कुछ-ना-कुछ उत्पात मचाते रहते थे, लेकिन साथ ही हम कुछ रचनात्मक भी करते थे, सीखते भी थे। गर्मियों के दिन बड़े होते हैं, इसमें बच्चों के पास करने को बहुत कुछ होता है। यह समय किसी नई हॉबी को अपनाने के साथ ही अपने हुनर को और तराशने का भी है। आज बच्चों के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं है, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। जैसे कोई संस्था टेक्नोलॉजी कैंप चला रही हो, तो बच्चे वहां ऐप बनाने के साथ ही ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर के बारे में जान सकते हैं। माई-भारत का जिक्र करते हुए (शेष पृष्ठ 7 पर)

## अवकाश सूचना

प्रिय पाठकों को सूचित किया जाता है कि 31 मार्च 2025 को **ईद-उल-फितर** के पर्व पर समाचार पत्र का कार्यालय बंद रहेगा। अतः अगला अंक 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा। **- प्रबंधक**

## संक्षिप्त समाचार

### 582 जजों के ट्रांसफर

**प्रयागराज, चसं।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 582 जजों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इनमें 236 एडिशनल डिस्ट्रिक्ट और सेशन जज शामिल हैं। वहीं, 207 सिविल जज सीनियर डिवीजन और 139 सिविल जज जूनियर डिवीजन रैंक के न्यायिक अधिकारियों का भी ट्रांसफर हुआ है। सबसे ज्यादा कानपुर से 13 जजों का ट्रांसफर किया गया है। अलीगढ़ के 11 और बरेली के 5 जज भी बदले गए हैं। इनमें वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का फैसला देने वाले जज रवि कुमार दिवाकर भी शामिल हैं। वे बरेली में थे। अब उन्हें चित्रकूट भेजा गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के संयुक्त रजिस्ट्रार सतीश कुमार पुष्कर की तरफसे रविवार की शाम ट्रांसफर का आदेश जारी किया गया है। जजों को तुरंत नई तैनाती स्थल पर जॉइन करने को कहा गया है। जज रवि कुमार दिवाकर का ट्रांसफर बरेली से चित्रकूट हुआ है। बरेली में कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए। इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ एनबीडब्लयू जारी करने के बाद बरेली में सुर्खियों में आए थे। जज रवि कुमार अपने फैसलों में अक्सर श्रीरामचरितमानस और गीता के प्रसंगों का जिक्र करते हैं।

### पश्चिम बंगाल के मोथाबाड़ी में साम्प्रदायिक तनाव जारी, 57 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में तनाव जारी है। यहां पर पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हमले हुए थे। राज्य पुलिस ने इस मामले में अब तक 57 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जबकि राज्य पुलिस ने कलकत्ता हाईकोर्ट में भी दावा किया कि मोथाबाड़ी की स्थिति लगभग नियंत्रण में है, वहीं राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इन दावों का खंडन (शेष पृष्ठ 7 पर)

# अमित शाह ने लालू पर बोला हमला



- लालू जी ने गायों का चारा भी खा लिया, वह लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते, अमित शाह ने कसा तंज

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर सीधा हमला करते हुए रविवार को कहा कि जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। गोपालगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, केंद्र और बिहार दोनों जगह की राजग सरकारें राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं। जो लोग जानवरों का चारा खाते हैं, वे राज्य के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। लालू जी अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत सामग्री आपूर्ति घोटाला, चरवाहा विद्यालय घोटाला में शामिल थे, उन्होंने गायों का चारा भी खाया।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, यहां (बिहार) लालू-राबड़ी सरकार और केंद्र में सोनिया-मनमोहन सरकार ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। लालू प्रसाद ने सिर्फ अपने परिवार के लिए काम किया। उन्होंने कहा, लालू प्रसाद ने अपने दोनों बेटों को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश की, अपनी पत्नी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी कर रहे हैं, अपनी बेटी को राज्यसभा भेजा, लेकिन लोगों के लिए कुछ नहीं किया। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। शाह ने कहा कि अगले पांच सालों में बिहार को बाढ़ मुक्त बना दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बिहार में देवी सीता के जन्मस्थान (पुनौरा धाम) पर एक विशाल मंदिर का निर्माण भी कर रही है। सीतामढ़ी शहर से लगभग पांच किलोमीटर पश्चिम में स्थित पुनौरा धाम में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 13 दिसंबर 2023 को पुनौरा धाम जानकी मंदिर के समग्र विकास के लिए आधारशिला रखी थी। राज्य मंत्रिमंडल ने पहले ही पुनौरा धाम के समग्र विकास के लिए 72.47 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है।

**सीएम नीतीश ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को दिया भरोसा, अब इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं :** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह फिलहाल बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर भाजपा को भरोसा दिया कि अब वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि एनडीए में बने रहेंगे। दरअसल, पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमसे गलती हो गई कि हम दो बार उधर चल गए। हमारी पार्टी के ही कुछ लोगों ने गड़बड़ (शेष पृष्ठ 7 पर)

# प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ को दी सौगात

**रायपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आमसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर विकास की नई रोशनी फैली है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। दौरे के बाद पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट में कुछ तस्वीरें भी शेयर की है। इसमें उस बेटी की बी तस्वीर शामिल है जो पीएम मोदी के लिए पेंटिंग बनाकर ले गई थी और बीच भाषण में पीएम मोदी ने इस बेटी सो वो पेंटिंग लेकर सुरक्षाकर्मियों को लाने कहा और भाषण के दौरान पीएम मोदी ने उस बेटी से ये भी कहा कि पेंटिंग के पीछे वो अपना नाम और एड्रेस भी लिखे, क्यों वे उन्हें पत्र लिखकर उनका धन्यवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाएं रेल, सड़क, ऊर्जा, ईंधन, आवास और शिक्षा से जुड़ी हैं, जो न केवल लोगों के जीवन में खुशहाली और सुविधा का नया सूर्योदय लाएंगी, बल्कि विकसित (शेष पृष्ठ 7 पर)

# बीजापुर में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



चर्चित राजनीति। एजेंसी


**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में रविवार को 68 लाख रुपये के इनाम की घोषणा वाले 13 नक्सलियों समेत कुल 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन और अन्य माओवादी संगठनों के सदस्य शामिल थे।

आत्मसमर्पण करने वालों में 02 प्लाटून सदस्य, मिलिशिया सदस्य, और अन्य प्रमुख माओवादी संगठन के सदस्य थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव और डीआईजी सीआरपीएफ देवेंद्र सिंह नेगी मीडिया कर्मियों से इसे लेकर जानकारी साझा की। पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव ने कहा कि यह आत्मसमर्पण माओवादी संगठन से मोहभंग का संकेत है। विभिन्न नक्सली समूहों के सदस्यों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है, जिनमें पीएलजीए के सदस्य, जनताना सरकार के अध्यक्ष, केएएमएस अध्यक्ष, सीएनएम सदस्य और अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल हैं। डॉ. यादव ने इस सफलता का श्रेय बीजापुर पुलिस, डीआरजी, सीआरपीएफ एसटीएफ और अन्य सुरक्षा बलों को दिया। उन्होंने कहा कि इनकी लगातार बढ़ती नक्सल विरोधी कार्रवाई और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विकास योजनाओं के प्रभाव से नक्सलियों का मनोबल टूटा है और अब वे मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण कर रहे हैं। 1 जनवरी 2024 से अब तक छत्तीसगढ़ में कुल 656 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, 346 ने आत्मसमर्पण किया है, और 141 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं। 2025 में अब तक 157 माओवादी गिरफ्तार हुए हैं और 157 ने आत्मसमर्पण किया, वहीं 83 माओवादी मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने अपील की कि जो माओवादी अभी भी आंदोलन में (शेष पृष्ठ 7 पर)

# ओडिशा में बड़ा रेल हादसा

**कटक, एजेंसी।** ओडिशा के कटक जिले में एक बड़ा रेल हादसा हुआ। बेंगलुरु-असम कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन (12551) पटरी से उतर गई, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के 11 एसी कोच पटरी से उतरकर पलट गए। हादसा चौद्वार इलाके के मंगुली पैसेंजर हॉल्ट के पास हुआ। घटना के तुरंत बाद यात्री ट्रेन से उतरकर पटरियों पर बैठ गए और राहत कार्य का इंतजार करने लगे। हादसे के बाद एनडीआरएफ, पुलिस और मेडिकल टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है। अच्छी खबर यह है कि अब तक किसी भी यात्री के गंभीर रूप से घायल होने या किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों के मुताबिक, सभी यात्री सुरक्षित हैं और ट्रेन में सफर कर रहे लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ईस्ट कोस्ट रेलवे के सीपीआरओ अशोक कुमार मिश्रा ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि यह दुर्घटना खुर्दा रोड डिवीजन के कटक-नरगुंडी रेलवे सेक्शन में सुबह करीब 11.54 बजे हुई। ट्रेन बेंगलुरु से गुवाहाटी जा रही थी, जब अचानक पटरी से उतर गई। डीआरएम खुर्दा रोड, जीएम ईसी-ओआर समेत रेलवे के उच्च अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। हादसे की असल वजह का पता जांच के बाद ही चलेगा। इस हादसे के कारण रेलवे ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# समाज ने स्वयंसेवकों को देखने परखने के बाद स्वीकार किया



चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक सभा को संबोधित करते समय संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं। संघ प्रमुख भागवत ने जब यह बात कही, उस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। पीएम की मौजूदगी में भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक अपने लिए कुछ नहीं मानते, वे सिर्फ (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पर्यावरण को जीवन का अहम हिस्सा मानती है भारतीय संस्कृति : न्यायमूर्ति

# पर्यावरण केन्द्रित नजरिया अपनाने वाला भारत दुनिया का पहला देश

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भारत पहला देश है, जिसने मानव-केंद्रित (एंथ्रोपोसेन्ट्रिक) सोच से हटकर पर्यावरण-केंद्रित (इको-सेंट्रिक) दृष्टिकोण अपनाया।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा विज्ञान भवन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की तरफ से आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एनवायरनमेंट-2025 के समापन सत्र में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि थे। मानव-केंद्रित सोच में पर्यावरण को सिर्फ मनुष्यों की जरूरतों के हिसाब से देखा जाता है, जबकि पर्यावरण-केंद्रित सोच प्रकृति को खुद के लिए मूल्यवान मानती है, न कि सिर्फ इंसानों के उपयोग के लिए।

न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि भारत की संस्कृति हमेशा से ही पर्यावरण को जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानती रही है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार उनकी इस दलील को स्वीकार किया कि पर्यावरण को केवल मानव-हित के नजरिए से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम अपनी जड़ों की ओर लौटें और हमारे पारंपरिक सरल उपायों को अपनाएं, तो पश्चिमी दुनिया



द्वारा पर्यावरण पर थोपे गए विचारों से बाहर निकलकर अपने मौलिक और व्यावहारिक विचारों से धरती को उसकी प्राकृतिक अवस्था में बहाल कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार पर्यावरण से जुड़े गंभीर मुद्दों को हल करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, अगर हम अभी कदम उठाएं, तो प्रकृति के संतुलन को बहाल कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि इस सम्मेलन में वायु, जल, वन और पर्यावरण के संरक्षण के सामूहिक प्रयासों पर गहन चर्चा हुई। इस सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को किया था।

**गंगा नदी प्रदूषण मामले में बिहार सरकार को राहत :** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें बिहार सरकार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। एनजीटी ने गंगा नदी के प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित मामले में अपने निर्देशों का पालन नहीं करने और उचित सहायता नहीं करने के लिए बिहार सरकार पर यह जुर्माना लगाया था। एनजीटी ने पिछले साल 15 अक्टूबर को पारित अपने आदेश में बिहार के मुख्य सचिव को गंगा नदी में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों के बारे में उसे अवगत कराने के लिए वीडियो कांफ्रेंस के जरिये अपने समक्ष पेश होने का भी निर्देश दिया था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जार्ज (शेष पृष्ठ 7 पर)

# ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई एनसीसी बी सर्टिफिकेट लिखित परीक्षा



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** पूरे उत्तर प्रदेश में रविवार को एनसीसी कैडेट्स की बी सर्टिफिकेट लिखित परीक्षा सम्पन्न करवाई गई। राजधानी में रायबरेली रोड स्थित एपीएस अकादमी में बी सर्टिफिकेट लिखित परीक्षा का आयोजन किया। सुबह से ही एनसीसी कैडेट्स कॉलेज प्रांगण में पूरी तैयारी और जोश के साथ दिखाई दिए।

सघन तलाशी के बाद एनसीसी कैडेट्स को परीक्षा देने के लिए कक्षाओं में प्रवेश दिया गया और उनके बैठने की व्यवस्था भी ऐसी थी कि नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न करवाई जा सके इसके बाद ही एनसीसी कैडेट्स ने ओएमआर शीट से परीक्षा दी। सेंटर में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने के लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया था। एपीएस अकादमी में एनसीसी बी सर्टिफिकेट परीक्षा इंचार्ज कर्नल आरपी सिंह कमाण्डिंग ऑफिसर 63 यूपी बटालियन रहे तथा लखनऊ एनसीसी ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने भी सेंटर का दौरा कर हर कक्ष में परीक्षा को देखा। इस परीक्षा में 3 नेवल, 5 एयर, 67 यूपी बटालियन के 568 कैडेट्स ने बी सर्टिफिकेट परीक्षा दी। 67 यूपी बटालियन एनसीसी के सीओ कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने अपने एनसीसी कैडेट्स को पहले ही परीक्षा की चुनौतियों से रुबरु करवा दिया था और कड़ी प्रैक्टिकल परीक्षा के बाद आज बारी थी लिखित परीक्षा की। 63 यूपी बटालियन एनसीसी के सीओ कर्नल आरपी सिंह ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में यह परीक्षा आयोजित हो रही है। लिखिए परीक्षा से पहले प्रयोगात्मक परीक्षा हुई थी जिसमें कैडेट्स ने ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट व बैटेल क्राफ्ट और संचार की परीक्षाएं दी थी।

# शिवगढ़ में कलश यात्रा से हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत वार्ड नम्बर 11 स्थित शिवगढ़ पावर हाउस के समीप महराजगंज रोड़ पर आयोजित 7 दिवसीय संगीतमई श्रीमद् भागवत दिव्य कथा एवं श्री महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा से किया गया।

पिपरा चन्देरी मध्य प्रदेश से पधारे राष्ट्रीय कथा वक्ता शिवकुमार महाराज जी के नेतृत्व में रविवार को प्रातः 10 बजे कथा पण्ड़ाल से भव्य कलश यात्रा निकालकर श्रीराम जानकी मन्दिर, शिव मन्दिर, श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर आदि मन्दिरों के साथ ही शिवगढ़ कस्बे में घूमते हुए पुनः कथा पण्ड़ाल में जाकर समाप्त हुई। शाम 6 बजे कथा वक्ता शिवकुमार महराज जी ने मां भगवती की आराधना की आराधना तथा गुरु की वन्दना से संगीतमई श्रीमद् भागवत दिव्य कथा एवं महापुराण ज्ञान यज्ञ की शुरुआत करते हुए कथा के पहले दिन श्रीमद् भागवत का महत्व एवं इसके श्रवण मनन के लाभ बताएं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मनन का सौभाग्य किस्मत वालों को प्राप्त होता है हजारों जन्मों के पूण्य प्रताप के पश्चात कहीं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन एवं श्रवण मनन का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस मौके पर कथा के आयोजक रामबहादुर सिंह चौहान, मुख्य यजमान बृजेंद्र बहादुर सिंह सपत्नी पुष्पा सिंह,विजय सिंह,अमित सिंह, अंकित सिंह,राजन सिंह,रामराज सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, दिलीप सिंह, रामराज सिंह, विक्की दीक्षित, योगेश सिंह, सत्यम तिवारी, केके द्विवेदी, प्रगट महराज, राजू मिश्रा, हिमांशू सिंह, सुजीत मिश्रा, सतीश त्रिवेदी, अनूप शुक्ला, सुनीत द्विवेदी, अरविन्द शुक्ला, सुनील मिश्रा, राजीव अवस्थी,मनीष त्रिवेदी,प्रांशू शुक्ला, विनय पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, दिलीप सिंह, संगीत मिश्रा,सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन से साक्षात भगवान राम के दर्शन का अनुभव : राम जी जायसवाल





**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**शिवगढ़/रायबरेली।** शिवगढ़ निवासी रायबरेली के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला धर्म जागरण संयोजक राम जी जायसवाल ने परिवार के साथ अयोध्या का दौरा किया। उनके साथ निरंकारी महात्मा देवतादीन जायसवाल और अमेठी के आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर सुमित जायसवाल भी थे। निरंकारी महात्मा देवता दिन में कहां की अयोध्या नगरी तो पूरी तरह से बदल चुकी है धरती पर कहीं स्वर्ग की अनुभूत हो रही है तो वर्तमान में अयोध्या नगरी ही है जहां स्वर्ण की अद्भुत हो रही है। समाजसेवी लवली जायसवाल ने बताया कि बहुत ही सुगम तरीके से भगवान श्री राम के दर्शन हो गए प्रशासन व व्यवस्था के लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद किया कि इतनी भीड़ होने के बाद भी आसानी से लोगों को दर्शन कर रही है। यात्रा के दौरान उन्होंने हनुमानगढ़ में हनुमान जी के दर्शन किए।

इसके बाद सरयू घाट पर स्नान किया और अयोध्या नगरी का भ्रमण किया। राम जी जायसवाल ने बताया कि उन्होंने दो बार भगवान के दर्शन किए। उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे साक्षात भगवान के दर्शन हो रहे हों। उनके साथ सरिता जायसवाल, लवली जायसवाल, अनोखी जायसवाल, अभिभव जायसवाल, व पार्थ जायसवाल भी मौजूद रहे। जायसवाल ने कहा कि अयोध्या अब स्वर्ग जैसी दिखने लगी है। भविष्य में यह और भी भव्य होगी। उन्होंने व्यवस्था को सुचारू रूप से संभालने के लिए पुलिस और प्रशासन की सराहना भी की।

## महासमिति ने दी नव संवत्सर विक्रम संवत की बधाई

**लखनऊ, चसं।** इन्दिरा नगर आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार 'बच्चा' भारतीय नव वर्ष की बधाई देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूरब भाग के दीनदयालनगर द्वारा झण्डे वाला पार्क इन्दिरानगर तथा आम्बेडकर नगर द्वारा वास्तु खण्ड गोमतीनगर में भारतीय नव वर्ष का उत्सव बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और आद्यसरसंघ चालक पूज्यनीय केशवराव बलिराम हेडेगेवार को याद किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयं सेवक तथा समाज सेवी मौजूद रहें। श्री बच्चा ने यह भी बताया कि विक्रम संवत हिन्दूओं के लिए एक ऐतिहासिक कलैण्डर है जो प्रचलित हिन्दू पंचांग है जिसमें भारत के उत्तरी पश्चिमी और मध्य भाग में व्रत एवं त्योहार मनाये जाते हैं।

# विकास, सेवा और सम्मान का संगम : 113वें आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर में सुनी गई समस्याएं







**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निवारण व जनसुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सतत रूप से संचालित 'आपका विधायक आपके द्वार' कर्याक्रम के तहत 113वें जनसुनवाई शिविर का आयोजन रविवार को ग्राम पंचायत सराय शहजादी, मजरा कटी बगिया में किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों द्वारा हैंडपंप, साइकिल, पीएम आवास जैसी कुल 34 समस्याओं, आवश्यकताओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित अभिनव पहल 'गांव की शान' के तहत, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में 91 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले अंशुल मौर्य, 85.16 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली नेहा रावत तथा 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली गार्गी गुप्ता को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 71.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पूजा को भी साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने और बेटियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. सिंह द्वारा 70वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन भी किया गया, बेटियों को खेल के अनेकों संसाधन उपलब्ध कराए गए। जिसके लिए बेटियों समेत सभी ने विधायक राजेश्वर सिंह का आभार प्रकट किया।

- **सहज संवाद से समस्याओं का समाधान-मेधावियों को मिला सम्मान, जन सेवा का कीर्तिमान गढ़ रहा विधायक डॉ. राजेश्वर द्वारा संचालित 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम**
- **आपका विधायक आपके द्वार एक मंच पर मिल रहा हर वर्ग को लाभ, हर अंतिम व्यक्ति पूरी हो रही आकांक्षायें**

जनसुनवाई शिविर में गांव के समर्पित समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में आए सभी ग्रामीणों के लिए तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई। इस दौरान साहित्यकार विद्याधर दीक्षित, ग्राम प्रधान अंकुर सिंह, प्रदीप सिंह, रामू रावत, आदित्य श्रीवास्तव, विकास अवस्थी, खिलाड़ी जी, मुन्नी देवी, सावित्री जी, नन्हके जी, धर्मेंद्र सिंह, अनूप रावत, ललित सिंह, जयराम, आलोक गुप्ता, मेवा लाल, जमील, श्रीराम, कल्लू एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस योजना को लेकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि 'आपका विधायक आपके द्वार' अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## चांद रात में छाई रहीं ईद की खुशियां गुलजार रहे राजधानी के बाजार

**लखनऊ, चसं।** ईद के चांद के दीदार के साथ ही ईद की खुशियां फिज़ाओं में चारों तरफफैली हुई थीं। रोजेदारों के चेहरे ईद की रूहानियत से दमक रहे थे। ईद के पर्व पर परोसे जाने वाली सेवई, फेनी और परंपरागत पकवानों की खुशबू भी बाजारों में खूब महक रही है. ईद पर ओल्ड सिटी के सभी बाजारों में करोड़ों रुपए का कारोबार होता है. इस बार अच्छा कारोबार होने से व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। राजधानी में एक महीना तक रमजान का अलग उत्साह देखने को मिलता है। पूरे महीने तक लोग रोजे रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं और रात्रि के समय राजधानी के बाजार देर रात तक गुलजार रहते हैं। सोमवार को ईद-उल-फित्र का त्योहार मनाने के लिए राजधानी के बाजार पूरी तरह से गुलजार थे। अमीनाबाद का गड़बड़झाला हो या नक्खास की चूड़ी वाली गली। खदरा का दीनदयाल बाजार हो या हजरतगंज का जनपथ शहर के तमाम बाजार में ईद की खरीदारी में रात भर गुलजार रहे। इसके अलावा अमीनाबाद, नजीराबाद, मौलवीगंज, नक्खास, चौक और खदरा सहित सभी बाजारों में ईद की खुमारी में डूबे लोंगों ने रात भर खरीदारी की। दुकानों पर रात में भी ऐसी भीड़ जुटी मानों मेला लगा हो। वहीं, घरों में खातून सिवईयों की मिठास मुंह में घोलने के लिए पूरी रात तैयारियों में लगी रहीं। रमजान के पूरे माह की इबादत और रोजे के बदले अल्लाह की तरफसे ईद के तौर पर मिले तोहफे की खुशी रोजेदार दूसरों के साथ बांट लेना चाह रहा है। सुहाग की निशानी के तौर पर पहनी जानी वाली चूड़ियों पर भी फैशन का असर दिखाई दिया। इस बार नवाबी दौर की ज्वैलरी की तर्ज पर बाजार में मौजूद जड़ाऊदार चूड़िया और कंगन महिलाओं को लुभा रहीं है। एक ग्राम गोल्ड से प्लेटेड यह ज्वेलरी सेट साउथ इंडियन स्टाइल के गहनों की तरह दिखने में भारी व सोने जैसे लगते है। गोल्ड लुक में दिखने वाले इन ज्वेलरी सेटों की कीमत महज 300 से 2000 रुपयों के बीच है। अमीनाबाद में गड़बड़झाला मार्केट के ज्वेलरी दुकानदार आलम बताते हैं कि इस बार यह ज्वेलरी सेट महिलाएं सबसे ज्यादा खरीद रही हैं। मोतियों से बनी हैदराबादी झुमकी इस बार ज्वेलरी बाजार की रौनक को बढ़ा रही है। रंग बिरंगे मीना काम से बनी नवरतन हैदराबादी झुमकी भी खूब सराही जा रही है।

# अयोध्या के बाद अब मथुरा में सपना गोयल की अगुआई में होगा सुंदरकांड का पाठ

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मासिक सामूहिक सुंदरकांड पाठ के उपरांत अब मथुरा स्थित भगवान श्री कृष्ण के मंदिर परिसर में भी एक दिवसीय सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान, अप्रैल माह में प्रस्तावित है।

यह जानकारी रविवार को स्थानीय भूतनाथ मार्केट के, बी 209, सावित्री प्लाजा में आयोजित मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी के दौरान सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने दी। आध्यात्मिक मासिक संगोष्ठी में सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने भारतीय नव वर्ष के अवसर पर मीडिया के सहयोगियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मी समाज के वह वीर सैनिक हैं जो समाज को बुराइयों से न केवल सचेत करते हैं बल्कि उन्हें सही राह भी दिखाते हैं। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने सत्संग में बताया कि नियमित सुंदरकांड के पाठ और जरूरतमंदों की सेवा, से भक्तों को मिल रही है कष्टों से मुक्ति की मेवा।÷ उनके अनुसार लखनऊ के झूलेलाल वाटिका से शुरू हुआ सुंदरकांड महा अभियान केवल एक साल की अल्पावधि में हिन्दुस्तान की पहचान बनता जा रहा है। उत्तर प्रदेश ही नहीं देश और विदेशों तक के घर-घर तक सुंदरकांड महा अभियान पहुंच गया है। भारतीय नव वर्ष पर उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी हुआ था। पंचांग के अनुसार, चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। हिंदू नववर्ष के आरंभ के दौरान सूर्य देव और चंद्र देव दोनों मीन राशि में विराजमान रहेंगे। जिस दिन से हिंदू नववर्ष शुरू होता है, उस दिन के स्वामी को उस साल का राजा माना जाता है इसलिए इस साल के राजा सूर्य होंगे। हिंदू नववर्ष 2025 के मंत्री भी सूर्य ही रहेंगे। इस बार हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 होगा। इस दिन से चौत्र नवरात्र भी शुरू हो गए हैं। चौत्र नवरात्र की शुरुआत 30 मार्च से 07 अप्रैल तक होंगे। सपना गोयल ने सनातन मातृ शक्तियों को नमन करने के इस महा अनुष्ठान की सभी को शुभकामनाएं भी दी। बताते चलें कि अयोध्या जी जन्मभूमि परिसर में मातृ शक्तियों द्वारा सामूहिक मासिक सुंदरकाण्ड पाठ का सिलसिला 11 सितम्बर से शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से लखनऊ की ÷ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति÷ की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल को इसका दायित्व सौंपा गया है। सपना गोयल द्वारा बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते 10 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृ शक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसके तहत नैमिषारण्य तीर्थ, उत्तराखंड कोटद्वार के प्रतिष्ठित प्राचीन मंदिर, सिद्धबली परिसर और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर और प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर में भी सामूहिक सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान, सफलतापूर्वक आयोजित करवाया जा चुका है।

# संक्षिप्त समाचार

## शिवगढ़ में एनसीसी दल का हुआ जोरदार स्वागत



**शिवगढ़, रायबरेली, चसं।** लिखित परीक्षा देकर एवं 2 दिवसीय प्रशिक्षण लेकर वापस लौटे नेशनल कैडेट कोर दल का शिवगढ़ में स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया। गौरतलब हो कि शनिवार की सुबह शिवगढ़ कस्बा स्थित श्री बरखण्डी महाविद्यालय शिवगढ़ से लेफ्टिनेंट अखण्ड प्रताप सिंह के नेतृत्व में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) दल बी प्रमाण पत्र के लिए 66 बटालियन रायबरेली 2 दिवसीय लिखित परीक्षा देने एवं प्रशिक्षण लेने गया था। प्रशिक्षण उपरान्त जहां से रविवार को शायंकाल करीब 4:30 बजे वापस लौटे नेशनल कैडेट कोर दल का शिवगढ़ महाविद्यालय स्टाफ द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। लेफ्टिनेंट अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि श्री बरखण्डी महाविद्यालय से कुल 45 एनसीसी कैडेट्स 2 दिवसीय लिखित परीक्षा एवं प्रशिक्षण देने के लिए 66 बटालियन रायबरेली गए थे जिनमें 33 सीनियर डिवीजन बॉयज तथा 12 सीनियर विंग गर्ल शामिल थी। लिखित परीक्षा के साथ ही 2 दिवसीय प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग सिखाई गई, परेड कराई गई तथा एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, ईमानदारी एवं राष्ट्र प्रेम का पाठ पढ़ाया गया, देश भक्ति की अलख जगाई गई। उन्होंने बताया कि उत्सवर्धन से एनसीसी कैडेट्स में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती है।

## बीजेपी सांसद अरुण गोविल पहुंचे मेरठ जेल

**लखनऊ, चसं।** मेरठ जेल में बंद सौरभ हत्याकांड के आरोपी मुस्कान और साहिल जीवन को नई दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं।जेल में 10 दिन पूरे हो जाने के बाद जहां मुस्कान सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही है। साहिल खेती-बाड़ी सीख रहा है। दोनों की दिनचर्या अब अन्य कैदियों के साथ सामंजस्य में बीत रही है और उनका जीवन धीरे-धीरे नशे और अपराध की छाया से बाहर निकल रहा है,ऐसा वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा का कहना है।आज रविवार को मेरठ-हापुड़ लोकसभा से सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता अरुण गोविल, जिन्होंने लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में भगवान श्री राम के किरदार की भूमिका निभाई थी, वो मेरठ जेल पहुंचे।सांसद अरुण गोविल ने 1500 के करीब रामायण यहां वितरित की। उन्होंने कैदियों को रामायण ग्रंथ भेंट किया। जेल में सांसद अरुण गोविल की मुलाकात मुस्कान और साहिल से हुई। दोनों ने रामायण लेने की इच्छा जताई, दोनों आरोपी रामायण प्राप्त करने के लिए आगे आए। अरुण गोविल ने बताया कि उनको रामायण देते हुए उन्होंने देखा कि दोनों की आंखों में भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। ऐसा प्रतीत हुआ कि मुस्कान की आंखों में पश्चाताप के आंसू छलक पड़े, जबकि साहिल गहरी सोच में डूब गया। सांसद अरुण गोविल ने कैदियों को समझाया कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा में ले जाने वाली एक प्रेरणा स्रोत है। जो बीत गया, उसे बदला नहीं जा सकता, लेकिन भविष्य को संवारने का अवसर हमेशा रहता है। कैदियों से अपील की कि जेल से बाहर निकलने के बाद वे इस संकल्प के साथ जीवन व्यतीत करें कि दोबारा अपराध की राह पर न चलें।वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए विभिन्न कार्यों में संलग्न किया जा रहा है। मुस्कान को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके जबकि साहिल को जैविक खेती की शिक्षा दी जा रही है ताकि जीविका चला सके।

## मंदिर में गुप्त शादी करने वाले युवक की संदिग्ध मौत, पिता का आरोप बेटे की हत्या की

**रायबरेली, चसं।** जनपद के नसीराबाद में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक अमरजीत का शव 24 मार्च को गांव के बाहर लटका हुआ मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। मृतक के पिता का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि अमरजीत ने गांव की एक लड़की के साथ मंदिर में गुप्त रूप से शादी कर ली थी। इस बात का सबूत उसके मोबाइल फोन में मौजूद है। 26 मार्च को शव के पास स्थित कुएं से मृतक का मोबाइल फोन बरामद हुआ। फोन में प्रेम प्रसंग से जुड़े कई वीडियो, फोटो और धमकी की रिकॉर्डिंग मिली है। ये सभी सबूत पुलिस को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को गांव के एक युवक और उसकी पुत्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हालांकि, सुराग न मिलने का हवाला देते हुए उन्हें शाम को छोड़ दिया गया। रविवार को मृतक के पिता आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने नामजद तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। लेकिन थाना अध्यक्ष ने मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच सीओ सलोन कर रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर मामले में टालमटोल कर रही है और सब जानते हुए भी अनजान बन रही है।

## श्री राम जानकी मंदिर में नौ दिवसीय मेला शुरू

**रायबरेली, चसं।** महराजगंज के श्री राम जानकी मंदिर पहरेमऊ मठ, असर्फाबाद में नौ दिवसीय भव्य मेला और सात दिवसीय चंडी महायज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है। महामंडलेश्वर स्वामी श्री देवेंद्रानंद गिरि की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चौत्र नवरात्रि के पहले दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 500 से अधिक महिलाओं सहित हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर वसालतनगर, असर्फाबाद, पहरेमऊ और हसनगंज के मंदिरों से होते हुए महराजगंज कस्बे के मंदिरों तक पहुंची। श्रद्धालुओं का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। गत वर्ष इसी मंदिर में मां काली की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इसी उपलक्ष्य में श्री काली माता वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान चंडी महायज्ञ और रासलीला का भी आयोजन होगा। स्वामी देवेंद्रानंद गिरि ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश भी देता है। यह महायज्ञ समाज में आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक समरसता को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम के आयोजक स्वामी चौतन्य गिरि और स्वामी दिव्यानंद गिरी ने बताया कि 51 विद्वान पंडितों द्वारा चंडी महायज्ञ शुरू किया गया है। श्री मद् देवी भागवत कथा और वृंदावन से आई रासलीला 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी। 7 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## ट्यूबवेल का पंखा चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा

**रायबरेली, चसं।** जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र में एक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। घटना 29-30 मार्च की रात की है। धर्मराज नाम के व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह रात में सो रहा था। खटपट की आवाज सुनकर उसकी नींद खुली। उसने देखा कि पड़ोस के गांव का धीरज उसके घर के बाहर रखे ट्यूबवेल के पंखे को चोरी कर रहा था। धीरज पंखे को साइकिल पर लादकर ले जा रहा था। धर्मराज और गांव के चार अन्य लोगों ने मिलकर चोर को पकड़ लिया। इसके बाद उसे चोरी के सामान के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी धीरज उर्फबाबू के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी शोभनाथ का बेटा है और ग्राम पूरे चंदी मिश्र मजरे कांटा का रहने वाला है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना नसीराबाद की पुलिस टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह, आरक्षी शुभव यादव, आरक्षी योगेंद्र शर्मा और आरक्षी जितेंद्र कुशवाहा शामिल थे। पुलिस ने चोरी किया गया ट्यूबवेल का पंखा भी बरामद कर लिया है।

## 1500 सोयाबीन तेल पैकेट और इनवर्टर चोरी

**रायबरेली, चसं।** ऊंचाहार में चोरों ने शनिवार रात को बाल विकास परियोजना कार्यालय को निशाना बनाया। चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर सोयाबीन तेल के 1500 पैकेट और इनवर्टर चुरा लिया। नगरवासी विजय सिंह के किराए के भवन में स्थित कार्यालय में चोरों ने गोदाम का ताला तोड़ा। चोरों ने कार्यालय की अलमारियों को भी खंगाला और कीमती सामान ले गए। रविवार को कार्यालय बंद होने के कारण चोरी का पता देर से चला। मकान मालिक की नजर पड़ने पर उन्होंने सीडीपीओ को सूचित किया। सीडीपीओ सत्यजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत : केशव

## राष्ट्र और समाज के प्रति हमारा समर्पण भाव स्पष्ट झलकना चाहिए : उपमुख्यमंत्री



चर्चित राजनीति। संवाददाता

- केशव प्रसाद मौर्य ने गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार वितरण समारोह में हुये शामिल

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक है। हम सबको गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों का न केवल अनुसरण व अनुकरण करना चाहिए, बल्कि उन्हे आत्मसात करने की जरूरत है।

उप मुख्यमंत्रीने कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 30 मार्च को गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिया जायेगा। हम सबको राष्ट्र व समाज की सेवा के लिए अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए । राष्ट्र व समाज के प्रति हमारा समर्पण भाव स्पष्ट झलकना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य रविवार को अपने कैम्प कार्यालय 7 कालिदास मार्ग पर गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देश व प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि व नव सम्वत्सर की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने जहां राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए गुरु गोविंद सिंह के त्याग व बलिदान की चर्चा की, उनके जीवन दर्शन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि सबको सजग व सावधान रहते हुए देश की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार वितरित किये।उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ की कीर्ति सिंह व सरदार परविन्दर सिंह, अम्बेडकरनगर नगर के धर्मवीर सिंह बग्गा को प्रशस्ति पत्र व एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रीय एकीकरण विभाग द्वारा बताया गया है कि राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय इत्यादि के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश में निवासरत महानुभाव को गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिया जाता है। 2023 में प्रश्नगत पुरस्कार हेतु सरदार परविन्दर सिंह,लखनऊ का चयन किया गया। इनके द्वारा गरीब एवं शोषित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, अल्पसंख्यक समुदाय के मध्य सद्भाव इत्यादि सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया है। 2024 में पुरस्कार हेतु धर्मवीर सिंह बग्गा, अम्बेडकरनगर का चयन किया गया। इनके द्वारा पिछले 20 वर्षो से 1000 से अधिक कन्यादान की सेवा, लावारिस कोविड की लाशों का अन्तिम संस्कार, कोविड के समय 05 लाख लीटर होम सेनिटाइजर तथा 01 लाख शीशी हैंड सेनिटाइजर, 05 हजार मास्क की फ्री सेवा, 08 वर्षो से लंगर की सेवा, सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र व समाज की सेवा में समर्पित, कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अपराध को रोकने सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया है। 2025 में पुरस्कार हेतु कीर्ति सिंह,लखनऊ का चयन किया गया। इनके द्वारा निःशुल्क रक्तदान निःशुल्क, चिकित्सा शिविर लावारिस शवों का अंतिम संस्कार पर्यावरण संरक्षण विधिक परामर्श शिविर इत्यादि आयोजित कर मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता, साम्प्रादायिक सद्भाव के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने का सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया। इन तीनों महानुभावों को उप मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह सिख धर्म के दसवें और अंतिम गुरु थे। उन्होंने न केवल सिख समाज को संगठित किया, बल्कि पूरी मानवता के लिए सत्य, धर्म और न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। वे एक महान योद्धा, कवि, विचारक और आध्यात्मिक नेता थे, जिन्होंने अपने जीवन को मानवता की सेवा और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के लिए समर्पित किया। गुरु गोबिंद सिंह न केवल सिख धर्म के महान गुरु थे, बल्कि वे पूरे राष्ट्र के लिए एक आदर्श थे।

उन्होंने निडरता, समानता और न्याय के जो सिद्धांत स्थापित किए, वे आज भी हमें राष्ट्र भक्ति के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी शिक्षाएँ हमें सिखाती हैं कि हम सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहें। समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव बनाए रखें। श्री मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का उल्लेख करते हुए कहा योग को हम सबको अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की चर्चा करते हुए कहा इस बार योग दिवस की थीम ÷एक पृथ्वी- एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ रखी गयी है। हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना में विश्वास रखता है। विश्व को परिवार समझकर थाइलैंड व म्यांमार में आपदाकाल में सबसे पहले भारत सहायता लेकर पहुंचा। भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर तेजी कदम आगे बढ़ाये हैं। मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा हैं।

देश में आतंकवाद व नक्सलवाद अन्तिम सांसें ले रहा है। उन्होने कहा कि हमारी सेनायें देश की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी से मोर्चे पर खड़ी हैं, लेकिन हम सभी देशवासी भी सैनिक की भूमिका में रहें, हमेशा सजग व सतर्क रहें, हमारी एकता व अखंडता को खण्डित करने वाला कोई तत्व अगर हमारे आसपास नजर आये, तो हमें अपने देश व समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उचित कदम उठाने चाहिए। उचित प्लेटफॉर्म पर सूचना देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हर प्रकार से समृद्ध व सशक्त हो रहा है, राष्ट्रीय एकता के बल पर ही हम इतने बड़े महाकुंभ का आयोजन करने में हम सफल रहे।इस अवसर पर सिख समाज की ओर से उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपर मुख्य सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग जितेन्द्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के विचारों से प्रेरणा लेकर हम समाज में एकता, प्रेम और शांति स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि अधिकारी व प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व विधायकों ने वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात'

**लखनऊ, चसं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय 'मन की बात' कार्यक्रम का 120वां संस्करण लखनऊ महानगर में आज बूथ स्तर पर सुना गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक,भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह,महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल,विधायक डॉ नीरज बोरा और ओपी श्रीवास्तव ने अलग-अलग बूथो पर कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ पदाधिकारीयों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हलवासीया कोर्ट हजरतगंज में बूथ संख्या 234 में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि मां दुर्गे सभी प्रदेशवासियों की मनोकामनाएं पूर्ण करें। प्रदेश इसी प्रकार तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर रहे और प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत मिशन को पूरा करने में हम कामयाबी हासिल करें। प्रधानमंत्री जी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं स्थानीय स्तर से लेकर के और गरीबों और आम जनता के मुख्य विषयों को जनता के सामने रखते हैं जिनको हम लोग समझ नहीं पाते हैं। ऐसी बातों को सुनकर हम सब प्रेरणा लेते हैं और प्रधानमंत्री जी के विषयों को आम जन तक पहुंचा कर पूरा करने का प्रयास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने आज जल संरक्षण, जल संवर्धन और अनेकों नए-नए विषयों, नए प्रयोगों को देश की जनता के सामने रखा है। मन की बात कार्यक्रम में देश की परंपरा, संस्कृति, विरासत और आस्था से जुड़े विषयों पर प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त होता है जो सदैव प्रेरणादाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ में हुआ माता का नीलाम्बर श्रृंगार



**लखनऊ, चसं।** इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ में वासंतीय नवरात्र धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र के प्रथम दिवस गर्भगृह में विराजमान तपस्विनी माता पार्वती सहित समस्त शक्तिपीठ के देवी विग्रहों का नीलाम्बर श्रृंगार किया गया। माँ पिण्डी स्वरूप की पूजा तीर्थ न्यास की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी और न्यासी वरद तिवारी ने की। सीतापुर रोड पर बख्शी का तालाब में नंदनवन स्थित मंदिर में पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। तीर्थ के प्रधान पुरोहित आचार्य धनञ्जय पाण्डेय शास्त्री के नेतृत्त्व में पुरोहित मण्डल द्वारा नवधा भक्तिभावपूर्वक पूजन-अर्चन और यज्ञानुष्ठान सम्पन्न हुआ। न्यासी वरद तिवारी बताया कि तीर्थ की परम्परा के अनुसार आज पूरे मंदिर को नीले रंग से अलंकृत किया गया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने ईद की दी बधाई, बोले, अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है यह त्योहार

**लखनऊ, चसं।** आज पूरे देश में ईद का त्योहार मनाया जाएगा। रविवार शाम ऐशबाग ईदगाह इमाम मरकजी चाँद कमेटी के अध्यक्ष खालिद रशीद फरंगी समेत अलग-अलग कमेटियों ने चांद का दीदार कर सोमवार को ईद मनाए जाने का एलान कर दिया गया। इस मौके पर यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद-उल-फित्तर का त्योहार खुशी और मेलमिलाप का संदेश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। सीएम योगी ने यह भी कहा कि यह पर्व अमन-चौन और सौहार्द का संदेश देता है। ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव और सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

### घोड़ा-बग्घी और ई-रिक्शा से हाउस टैक्स जागरूकता

**लखनऊ, चसं।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिनों में हाउस टैक्स जमा करने को लेकर नगर निगम लखनऊ के जोन-6 में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में यह अनोखी पहल की गई, जिसमें घोड़ा-बग्घी, ई-रिक्शा और स्वच्छता वाहनों के माध्यम से 22 वार्डों में जागरूकता रैली निकाली गई। नगर निगम की टीम ने लाउडस्पीकर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया और 31 मार्च 2025 तक अपना गृहकर जमा करने की अपील की। यह स्पष्ट किया गया कि इस तिथि के बाद बकायादारों पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाया जाएगा। नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है कि नवरात्रि और ईद के अवकाश के बावजूद नगर निगम के जोन-6 सहित सभी जोनल कार्यालय सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। इससे नागरिकों को समय पर टैक्स जमा करने में कोई असुविधा न हो।जोनल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि 31 मार्च तक हाउस टैक्स जमा न करने वालों के खिलाफनगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा।

न केवल 12 प्रतिशत ब्याज जोड़ा जाएगा, बल्कि आवश्यक कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे।नगर निगम लखनऊ ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बकाया हाउस टैक्स का समय पर भुगतान करें ताकि किसी भी तरह की आर्थिक दंड या कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। टैक्स भुगतान से शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।यह अनोखी जागरूकता पहल लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। कई नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों से लोग समय पर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित होंगे।

### आरक्षण समर्थक लेंगे आरक्षण को बचाने की शपथ

**लखनऊ, चसं।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक मंडल की आज एक आपात बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्व संबंध से या निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षो की बात इस वर्ष भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया जाएगा। दो दिन तक चलने वाला या कार्यक्रम हमेशा की तरह इस वर्ष भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक गोमती नगर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या समय 5 से शुरू होकर 14 अप्रैल 6.00 बजे तक चलेगा। जिसमें आरक्षण को बचाने की शपथ भी ली जाएगी। पूरे प्रदेश में इसी क्रम में 8 लाख आरक्षण समर्थक कार्य को द्वारा अलग-अलग जनपदों में भी बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए गए। 2 दिन तक चलने वाले जयंती कार्यक्रम में लगभग 10 कुंतल भोजन दान का कार्यक्रम भी रखा गया है साथी डेढ़ कुंटल मिष्ठान का भी वितरण किया जाएगा।बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध मिशन गायक विशाल गाजीपुरी व सपना बौद्ध की पूरी टीम द्वारा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें बाबा साहब के विचारों पर प्रेषित करने वाले गीत प्रमुख होंगे। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजको अवधेश कुमार वर्मा, डॉ रामशब्द जैसवार,। आरपी केन, पीएम प्रभाकर, अनिल कुमार, हरिश्चंद्र वर्मा, नेकी राम, प्रभाकर सिंह, श्यामलाल, प्रेमचंद, लेख राम, बिंदा प्रसाद, अजय कुमार, सुशील कुमार वर्मा, एक प्रभाकर ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाने के लिए आज सभी संयोजकों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में प्रदेश के आरक्षण समर्थक बाबा साहब की जयंती को धूमधाम से मनाएंगे उसके बारे में भी जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए। बाबा साहब की जयंती मनाने को लेकर प्रदेश के लगभग आठ लाख आरक्षण समर्थकों में भारी उत्साह है जिसको देखते हुए पूरी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश अब देश का ग्रोथ इंजन है : नीरज सिंह

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- हर घर सम्पर्क कर प्रदेश सरकार की कार्य योजनाओं की दी जानकारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के बेमिसाल 8 साल पूर्ण होने पर आयोजित संपर्क अभियान में पूर्वी विधानसभा के पार्षद राकेश मिश्रा कार्यालय से भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, पूर्वी विधायक ओपी श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह देवड़ी, पार्षद राकेश मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण ने हर घर संपर्क कर प्रदेश सरकार की कार्य योजनाओं का पत्रक देकर जानकारी देने का काम किया।

भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि कहा कि आठ साल पहले उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपा नहीं है। पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था। आज देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। आज हर सेक्टर में यूपी देश के विकास में ब्रेक थ्रू के रूप में देखा जा रहा है। आज प्रदेश वही है, तंत्र वही है, व्यवस्था वही है केवल सरकार बदलने से व्यापक बदलाव महसूस किया जा सकता है। वहीं लखनऊ शहर का अभूतपूर्व विकास कार्य भी आप देख सकते हैं 22 से अधिक फ्लाईओवर बनकर तैयार जो शहर की बड़ी ट्रैफिक समस्या से निदान दिलाने का काम के रही हैं, 104 किलोमीटर का आउटर रिंग लखनऊ शहर की विकास की गाथा को बया कर रहा हैं, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस गोमती नगर रेलवे स्टेशन, अंतर्राष्ट्रीय लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार, डीआरडीओ एवं ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन का कार्य जल्द लखनऊ से होने जा रहा हैं। हर व्यक्ति स्वस्थ्य हरे इसके लिए ओपन जिम की स्थापना किया गया हैं। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में बना नं. एक है। उत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों तथा पर्यटकों को आकर्षित करने में देश में शीर्ष स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के अन्तर्गत आवास निर्माण में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री उज्याला योजना में 01 करोड़ 85 लाख निशुल्क गैस कनेक्शन देकर उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम)। पी0एम0 स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेण्डर्स को सर्वाधिक ऋष्ण देकर उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में स्वच्छ शौचालय निर्माण कर उप्र, देश में प्रथम। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम। ईज ओफ डुईंग बिजनेस में उतर प्रदेश अचीवर्स स्टेट।अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव-2024 में 25 लाख 12 हजार 585 दीप प्रज्वलित कर पुन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस में नाम दर्ज। 96 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योगों की स्थापना कर उत्तर प्रदेश देश में प्रथम । इसी अनेक योजनाओं में उत्तर प्रदेश ने नंबर एक स्थान पर है। अभियान में लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल गुड्डा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह, रमेश तूफानी जी उमेश संवाद, आशुतोष तिवारी, नीलिमा त्रिपाठी, दीपक तिवारी, चंद्राकर त्रिवेदी उपस्थित रहे।

## दो दशक से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था गैंगस्टर अनुज कनौजिया

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- ढाई लाख रुपये का इनामी बदमाश कनौजिया शनिवार रात मुठभेड़ में ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल ( एसटीएफ) और झारखंड पुलिस के साथ मुठभेड़ में जमशेदपुर में मारा गया गैंगस्टर और शूटर अनुज कनौजिया दो दशक से अधिक समय से पूर्वी उत्तर प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी।

ढाई लाख रुपये का इनामी बदमाश कनौजिया शनिवार रात मुठभेड़ में मारा गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था एवं विशेष कार्यबल) अमिताभ यश ने बताया कि जमशेदपुर में उत्तर प्रदेश एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में मुख्तार अंसारी गिरोह का 'शार्पशूटर अनुज कनौजिया मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जिलों के विभिन्न थानों में कनौजिया के खिलाफ 23 मामले दर्ज थे। मऊ जिले के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव निवासी 42 वर्षीय कनौजिया ने 2003 में इसी जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र में पहली हत्या की थी। इसके बाद अगले कुछ साल में वह हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली समेत कई आपराधिक गतिविधियों के लिए कुख्यात हो गया। मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जिलों में उसके खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम, हत्या और हत्या के प्रयास समेत कुल 23 आपराधिक मामले दर्ज किए गए। यश ने बताया कि जमशेदपुर में मुठभेड़ के दौरान कनौजिया के पास से पुलिस ने नौ एमएम और .32 बोर की दो पिस्तौल भी बरामद कीं। नौ मिमी पिस्तौल का उपयोग आमतौर पर पुलिस और सैन्य बलों द्वारा किया जाता है। एसटीएफने बताया कि जिस मुख्तार अंसारी के संरक्षण में कनौजिया ने अपराध किए, उसी अंसारी की पहली बरसी पर वह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मऊ सदर से पांच बार विधायक रहे 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश के बांदा स्थित एक अस्पताल में कथित तौर पर हृदयाघात से मौत हो गयी थी। उस समय अंसारी बांदा जिला कारागार में निरुद्ध था।

## लखनऊ में गुलाबी खंजर का लोकार्पण समारोह में साहित्य जगत की हस्तियाँ जुटी



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** अमेजन बेस्टसेलर किताब गुलाबी खंजर का तीसरा लोकार्पण समारोह आज लखनऊ में कविशाला के कार्यक्रम आग़ाज़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दास्तानगोई की मशहूर हस्ती एवं लेखक हिमांशु वाजपेयी और वरिष्ठ पत्रकार नवलकांत सिन्हा शामिल हुए।

मंच पर उपस्थित लोगों में गुलाबी खंजर के दो लेखक दिलीप पांडेय और चंचल शर्मा भी उपस्थित रहीं। किताब गुलाबी ख़ंजर, जो ऐतिहासिक फिक्शन श्रेणी में आती है, पिछले कुछ महीनों से लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। अक्टूबर माह में भोपाल में इसकी घोषणा के साथ ही, यह किताब साहित्यिक और सांस्कृतिक विमर्श का हिस्सा बन गई थी। नवंबर महीने में साहित्य आजतक में इसका कवर लॉंच हुआ और दिसंबर में जैसे ही अमेजन पर किताब का प्री-ऑर्डर लिंक आया, किताब 18 घंटे के भीतर हिस्टोरिकल फ़िक्शिन कैटेगरी में पहले स्थान और ओवर ऑल बुक कैटेगरी में तीसरे नंबर पर आ गई। और पिछले 4 महीने में इस किताब ने मीडिया, साहित्यिक समुदाय और पाठकों के बीच एक गहरी छाप छोड़ी है। आज लखनऊ में कविशाला-आग़ाज़ द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह में उपस्थित अतिथियों ने किताब के विषय और इसके लेखन पर अपने विचार प्रकट किए।सर्वप्रथम किताब के कवर और नाम पर प्रकाश डालते हुए लेखक दिलीप पांडेय ने अपने विचार साझा किए और किताब के नाम के चयन पर ऐतिहासिक संदर्भ में बात की। उसके बाद लेखिका चंचल शर्मा ने विस्तार से बात करते हुए बताया कि आख़िर पाठकों को ये किताब क्यों पढ़नी चाहिए। इसके साथ ही किताब के महिला किरदारों की भूमिका पर भी अपने विचार रखे। सह लेखिका चंचल शर्मा ने किताब में उपस्थित महिला किरदारों पर प्रकाश डाला और बताया कि इसमें उपस्थित महिलाओं में वो सभी खासियत हैं, जिसे जानना बेहद रोचक है। वरिष्ठ पत्रकार नवलकांत सिन्हा ने बताया कि किताब एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से न केवल एक शानदार लेखन का उदाहरण है, बल्कि यह कहानी के माध्यम से इतिहास को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास करती है। वरिष्ठ पत्रकार नवलकांत सिन्हा ने किताब की चित्रवत् भाषा शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस किताब के भीतर इतिहास, सस्पेंस और रोमांच का एक अद्भुत मिश्रण है, जो पाठकों को अंत तक बांधे रखता है। लेखक और दास्तानगो हिमांशु वाजपेयी ने भी किताब की विशेषताओं की सराहना की और कहा, कि गुलाबी ख़ंजर की खासियत ये भी है कि इसे तीन लेखकों ने अपनी भाषा, शैली और विचार को किस तरह एक दूसरे से मिलाया होगा, ये किताब को पढ़ने की जिज्ञासा को और बढ़ाता हुआ, उन्होंने कहा कि गुलाबी ख़ंजर में लेखक ने समय और स्थान को इस तरह से पेश किया है कि पाठक खुद को उसमें डूबा हुआ महसूस करता है। यह एक काव्यात्मक और ऐतिहासिक यात्रा है, जो पाठकों के दिलों को छूने में सक्षम है। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमी और आप राज्य सभा सांसद संजय सिंह भी उपस्थित रहे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि छोटे भाई दिलीप पांडेय राजनीति के साथ जिस तरह साहित्य के जीवन में अपनी अनुपम कृतियां लिख रहे हैं वो तारीफ के काबिल है।

मेरी शुभकामनाएं हमेशा ही छोटे भाई दिलीप पांडेय के साथ हैं और आगे भी रहेंगी। अंत में पुस्तक के लेखक दिलीप पांडेय ने कहा कि कविशाला के आग़ाज़ में ÷गुलाबी ख़ंजर÷ का लोकार्पण समारोह न केवल एक साहित्यिक कार्यक्रम था, बल्कि यह ऐतिहासिक फिक्शन की ताकत और साहित्य के महत्व को पुनः प्रमाणित करने वाला आयोजन भी था। यह किताब निश्चित रूप से साहित्य जगत और पाठकों के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने में सफल होगी।

## सियाराम की रसोई में निःशुल्क भरपेट भोजन



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** रामराज्य के वर्तमान समय में हमें समाज के सबसे निर्धन और असहाय वर्ग की सहायता के लिए आगे आना होगा। यह वह समय है जब हमें उनके साथ मिलकर, उनकी मदद कर, और उन्हें जीवन की आधारभूत आवश्यकताएं प्रदान करने का संकल्प लेना चाहिए।

इसी उद्देश्य से हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सियाराम की रसोई अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिदिन गरीबों को आपके सहयोग से निःशुल्क भरपेट भोजन प्रदान कर मानवता की सेवा करना है। आप अपने ÷कभी खुशी कभी गम÷ के यादगार पलों (जन्मदिवस, सालगिरह, पुण्यतिथि आदि) के शुभ अवसर पर निम्नलिखित तरीकों से जनहित में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। ऑनलाइन दान करके आर्थिक सहायता प्रदान करें।

खाद्य सामग्री, जैसे अनाज, दाल, चावल, फल, सब्जियाँ, और ताजा दूध आदि का संग्रह कर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के समृद्धि केंद्र में जमा करें। विशेष उल्लेखनीय यह है कि भोजन वितरण से पूर्व, आपके यादगार पलों अथवा विशेष अवसर की घोषणा उपस्थित सभी लाभार्थियों के समक्ष की जाएगी, जिससे आपको आध्यात्मिक साधकों का आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ प्राप्त हो सकें। सियाराम की रसोई अभियान के अंतर्गत देवेंद्र कुमार अरोड़ा, पूर्व न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ, पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण एवं वर्तमान सदस्य, न्यायिक जांच आयोग, सम्भल हिंसा, ने हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट की सियाराम की रसोई योजना के अंतर्गत 201 लाभार्थियों के लिए 5100- का दान देकर भोजन की व्यवस्था में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया। इसके लिए हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट माननीय न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार अरोड़ा तथा उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त करता है एवं उनके दीर्घायु होने की कामना करता है।



आदमी को कभी भी सीधा और सरल नहीं होना चाहिए, जंगल में जो पेड़ सीधे, चिकने होते हैं और जिन्हें काटने में कठिनाई नहीं होती, उन्हें ही सबसे पहले काटा जाता है : आचार्य चाणक्य


# संपादकीय

## भूकम्प से दुनिया को गम्भीर संकेत

म्यांमार, थाईलैंड में भूकंप,प्रकृति से खिलवाड़ का क्रूरतम प्रतिफल ही है। हजारों की इहलीला खत्म हुई है संपत्ति का नुकसान अलग हुआ है, लोगबाग बेखर हो चुकें हैं चारो तरफतबाही का परचम फैल चुका है। जिस तरह इन देशों में प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है और बेतरतीब वनों की कटाई, पानी का दुरउपयोग और बड़ी बड़ी अट्टालिकाओं के निर्माण ने प्रकृति को ललकारा है नतीजे के तौर 4,1 रिक्टर का भूकंप भारी जानमाल की तबाही लेकर आया है।भूकंप के झटके भारत, चीन, इंडोनेशिया, बर्मा आदि में भी महसूस हुए हैं। हमें अब सावधान हो जाना चाहिए, प्रकृति से बेजा खिलवाड़ बंद करना होगा,वर्ना भयावह नतीजे सामने हैं हीं। हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफकरते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

# सहकारिता मंत्रालय और विश्वविद्यालय के साथ विकास का नया युग

**विशिष्ट प्रशिक्षण, शैक्षणिक कार्यक्रम और अनुसंधान के अवसर प्रदान करके, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय भारत के सहकारी आंदोलन के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यह विश्वविद्यालय नवाचार, नए सहकारी व्यापार मॉडल तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के केंद्र के रूप में भी काम करेगा। यह विश्वविद्यालय कृषि, मत्स्य पालन, डेयरी, बैंकिंग और विपणन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में तकनीकी और प्रबंधकीय शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों के अलावा, विश्वविद्यालय छात्रों, सहकारी समितियों के सदस्यों और उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए विशेष पाठ्यक्रम भी तैयार करेगा।**



डॉ. उदय शंकर अवस्थी

भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्यधारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा। दिनांक 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत के सहकारी आंदोलन में एक परिवर्तनकारी क्षण था।

सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, मंत्रालय ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय ने सहकारी समितियों के लिए ÷व्यापार करने में आसानी÷, डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रायल ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने और पैक्स को मजबूत बनाने के लिए मॉडल उपनियम। प्रत्येक पंचायत/गांव में बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करना। राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज का गठन किया गया है। सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) को एकल ब्रांड नाम के तहत उन्नत बीजों की खेती, उत्पादन और वितरण। प्रमाणित और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के उत्पादन, वितरण और विपणन के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)। जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे व्यापक विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम। बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ (संशोधन) अधिनियम 2023, बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ अधिनियम, 2002 में संशोधन करके 97वें संवैधानिक संशोधन के प्रावधानों को शामिल करेगा तथा बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा, जवाबदेही बढ़ाएगा, चुनाव प्रक्रिया में सुधार करेगा आदि। सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने तथा सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल की खरीद में प्राथमिकता देने और कोजेन पावर प्लांट की स्थापना के लिए एनसीडीसी के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना। जैसे-जैसे सहकारिता आंदोलन विकसित होता जा रहा है, यह भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है, जो समकालीन चुनौतियों का समाधान कर रहा है और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा दे रहा है। सहकारिता आंदोलन उद्यमशीलता कौशल को भी विकसित करता है जिसकी भारत जैसे देश में बहुत आवश्यकता है। यह न केवल आर्थिक कल्याण में योगदान देता है बल्कि समाज को राष्ट्र के लिए योगदान देने में अग्रणी होने में भी सक्षम बनाता है। सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख पहल बहुराज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देना और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का विस्तार करना रही है। पैक्स के लिए मॉडल उपनियमों के लागू होने से उन्हें 25 से अधिक विविध गतिविधियां करने का अधिकार मिला है, जिससे बेहतर प्रशासन और व्यापक समावेशिता सुनिश्चित हुई है। 63,000 पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए ? 2,516 करोड़ की एक ऐतिहासिक परियोजना पहले से ही चल रही है, जिसमें 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 62,318 पैक्स शामिल हैं और 15,783 पहले ही शामिल हो चुके हैं। उठाए गए इन कदमों द्वारा परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पैक्स को नाबार्ड से जोड़ा है और निर्बाध वित्तीय लेनदेन सुनिश्चित किया है। सहकारी समितियों की पहुँच को और बढ़ाने के लिए, 9,000 से अधिक नई पैक्स, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियाँ, उन पंचायतों में स्थापित की जा रही हैं जहाँ सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है। विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना एक और महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य पैक्स स्तरों पर भंडारण और कृषि-बुनियादी ढाँचा तैयार करना है, जिससे खाद्यान्न संबंधी नुकसान और परिवहन लागत में कमी आएगी। इसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के लिए 2,000 पैक्स की पहचान की गई है। इसके अलावा, 30,647 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में नामित किया गया है, जो ग्रामीण नागरिकों को 300 से अधिक आवश्यक ई-सेवाएं प्रदान करेगा। इफको ने नैनो यूरिया प्लस (तरल) और नैनो डीएपी (तरल) सहित नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व शुरूआत करके कृषि सहकारी क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं।

नैनो एनपीके (दानेदार) को शीघ्र ही मंजूरी मिलने वाली है । उम्मीद है कि यह नवाचार आधुनिक कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा तथा अधिक दक्षता, लागत प्रभावशीलता और पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करेगा। इन क्रांतिकारी उत्पादों को पहले ही वैश्विक पहचान मिल चुकी है तथा ये अमेरिका, ब्राजील, जाम्बिया, गिनी-कोनाक्री, मॉरीशस, रवांडा, मलेशिया और फिलीपींस के बाजारों में पहुंच चुके हैं। खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आधार पर, आज इफको दुनिया की नंबर 1 सहकारी समिति बन चुकी है। उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर, इफको और भारत का सहकारी आंदोलन, आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है, जिससे दीर्घकालिक समृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो रही है। वैश्विक सहकारी आंदोलन में इफको का नेतृत्व लगातार बढ़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के सदस्य के रूप में, इफको वैश्विक सहकारी नीतियों को आकार देने में सक्रिय रूप से योगदान देता है। इस आयोजन ने सहकारी उन्नति में भारत के नेतृत्व को सुदृढ़ किया तथा वैश्विक सहकारी नेताओं के साथ ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाया। सहकारी क्षेत्र में विकास का सबसे उल्लेखनीय विचार, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना रहा है। इस विश्वविद्यालय की परिकल्पना सहकारी शिक्षा, अनुसंधान और नेतृत्व विकास को समर्पित एक प्रमुख संस्थान के रूप में की गई है। **(लेखक प्रबंध निदेशक, इफको हैं।)**

# अमेरिका के पलटने से वैश्वीकरण का सपना टूटा

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी नीति में और अधिक बदलाव का संकेत देने वाले एक महत्वपूर्ण भाषण में वैश्वीकरण की नीति को खारिज कर दिया है। उन्होंने उस विचार प्रणाली पर भी हमला किया है जिसने अमेरिकी कंपनियों को आउटसोर्स सुविधाओं में आप्रवासियों और सस्ते श्रम से लाभ कमाने में सक्षम बनाया है। भाषण का फोकस अमेरिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी उत्पाद डिजाईनों को त्यागने और लागत बचाने के लिए कहीं और उत्पादित उत्पादों को अपनाने के कारण अमेरिकियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा । वेंस ने चीन का नाम तीन बार लिया लेकिन भारत का नहीं। फिर भी, ऑफशोरिंग की बुराइयों पर जोर देने से इसमें कोई संदेह नहीं रह गया कि भारत के सॉफ्टवेयर और संबंधित सेवाओं को इस तर्क के व्यापक विषय से बाहर नहीं रखा गया था। भारत ने वर्ष 2023-24 में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निर्यात किया जिसमें से आधे से अधिक अमेरिका को किया गया है। ट्रम्प पहले भी भारतीय कॉल सेंटरों का मजाक उड़ा चुके हैं जिनमें से अधिकांश यूएस-आधारित ग्राहकों की सेवा करते हैं लेकिन पहले ही एआई-संचालित समाधानों की बढ़ती तैनाती के कारण एक अलग खतरे में हैं। उपराष्ट्रपति वेंस 18 मार्च को उद्यम पूंजी फर्म आंद्रेसेन होरोविट्ज द्वारा आयोजित एक तकनीकी कार्यक्रम अमेरिकी गतिशीलता शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे।

शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय हित के लिए काम करता हैय और इस संदेश के साथ 2025 की बैठक को बढ़ावा दिया गया कि श्यह अमेरिका के निर्माण करने का समय है। हालांकि यह कहना मुश्किल है कि वेंस की नीति तत्काल कैसे चल सकती है और अगर यह एक जटिल और बेहद कुशलता से काम करने वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखला को उजागर करने का एक यथार्थवादी उद्यम हैश् तो भारतीय संदर्भ में कई दिलचस्प बातें सामने आ खड़ी होती हैं। पहली तो यह कि, भारत अब चीनी मॉडल की नकल करके विनिर्माण केंद्र बनाने या बनने की उम्मीद नहीं कर सकता। फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों को अपने कारखानों को भारतीय साइटों पर लाने और अमेरिकी बड़ी कंपनियों के लिए निर्माण करने वाली बात पीछे छूट रही है। उस तरह के विनिर्माण आधार के निर्माण का खेल इसकी समाप्ति तिथि से आगे निकल चुका है। यहां तक कि यदि भारत इस नीति को जारी रखता है तो भी वह यह खेल के निचले सिरे तक ही सीमित रहेगा। वह भी ऐसी जगह जिसे चीन ने इस श्रृंखला में कुछ ज्यादा पाने के लिए पीछे छोड़ दिया था। उदाहरण के लिए, आंकड़ों के मुताबिक चीन में 2009 में आईफोन 3 जी की असेंबली के लिए कुल मूल्य केवल 6.5 अमरीकी डालर या उस मॉडल के लिए सामग्री के बिल का 3.6 प्रतिशत था। यह केवल फॉक्सकॉन द्वारा असेंबली के लिए था। एक दशक बाद 2018 में

**श्रमिकों को उनकी नौकरियों से, उनके समुदायों से, उनकी एकजुटता की भावना से अलग करनेश् के कारण अमेरिका को नुकसान पहुंचा है। उपभोक्तावाद विरोधी गहरी भावना के साथ उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से कहा-आप लोगों में उनके उद्देश्य की भावना से अलगाव देखते हैं और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक ऐसे नेतृत्व को देखते हैं जो मानता है कि लोक कल्याण नौकरी की जगह ले सकता है और एक मोबाईल फोन एप उद्देश्य की भावना को बदल सकता है।**

आईफोन एक्स के लिए यह 104 अमरीकी डालर या सामग्री के बिल का 25.4 प्रतिशत तक पहुंच गया क्योंकि चीन बहुत धीरे-धीरे आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत हो गया और बैटरी, फ्रेम तथा कैमरा मॉड्यूल जैसे कई (गैर-कोर) भागों की आपूर्ति की। यह डेटा टोक्यो के नेशनल ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज के युकिंग जिंग की रिपोर्ट से है। वेंस के विरोध का एक कारण मूल्य श्रृंखला में चीन का ऊपर जाना भी है, जबकि अमेरिका इस बात से नाखुश है कि वैश्वीकरण ने अमेरिका से नौकरियां छीन ली हैं। (मूल्य श्रृंखला व्यवसायों के लिए रणनीतिक योजना का एक अभिन्न अंग है। मूल्य श्रृंखला किसी उत्पाद या प्रक्रिया के पूरे जीवनचक्र को संदर्भित करती है , जिसमें सामग्री सोर्सिंग, उत्पादन, खपत और निपटान-पुनर्चक्रण प्रक्रियाएं शामिल हैं।) अमेरिका इस बात से भी असहज है कि इस प्रक्रिया ने उन देशों को लाभान्वित किया है जहां उत्पादों या सेवाओं का निर्माण होता है। दूसरे शब्दों में अमेरिका स्वीकार कर रहा है कि वैश्वीकरण केवल अमेरिकी हितों की सेवा के लिए था और विनिर्माण केंद्रों के लिए काम नहीं करने वाला था। वेंस ने इसे कई शब्दों में कहा- श्हमने माना कि अन्य राष्ट्र हमेशा मूल्य श्रृंखला में हमारा पीछा करेंगे लेकिन यह पता चला है कि जैसे-जैसे वे मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर बेहतर होते गए उन्होंने भी ऊंचे स्तर (इसमें प्रीमियम, अपस्केल, शानदार, टॉप-ऑफ-द-लाइन और उच्च-गुणवत्ता शामिल हैं) पर पकड़ना शुरू कर दिया। हम दोनों सिरों से निचोड़े गए थे। यह वैश्वीकरण का पहला झूठा घमंड या दावा था। तथ्य यह है कि भारत को खतरे के रूप में कम नहीं समझा गया है या उल्लेख नहीं किया गया है, यह भी एक संकेतक है कि देश अपने सभी दावा किए गए तकनीकी कौशल के लिए सस्ते श्रम वाली मध्यस्थता में फंसा हुआ है जिसमें नारायण मूर्ति के युवाओं के लिए 70 घंटे के कार्य सप्ताह जैसे नुस्खे में सीमित आकांक्षाएं देखी गई हैं। भारत को उत्तेजक, आकर्षक और अभिनव सॉफ्टवेयर समाधानों के साथ आगे होना चाहिए था लेकिन भारत की नीतियां बहुत धीमी गति से आगे बढ़ने की हैय जबकि चीनियों ने लंबी छलांग मारकर खुद को आगे कर लिया जिसके उदाहरण डीपसीक, मानुस या अलीबाबा के क्यूडब्ल्यूक्यू -32 बी जैसे चीनी एआई मॉडल हैं।वेंस के अनुसार, वैश्वीकरण का दूसरा झूठा दावा यह था कि सस्ता श्रम एक बैसाखी बन गया, यहां तक कि एक नशीली दवा बन गया जिसने अमेरिकी नवाचार को दबा दिया है। वेंस की योजना के अनुसार यदि यह श्दवा आपूतिश् काट दी जाती है तो कंपनियों को उसी काम के लिए अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाएगा जो उन्हें उत्पादकता और मार्जिन बनाए रखने हेतु नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगा। पहले कई लोगों ने आउटसोर्सिंग को एक नवाचार कहा है। अब हम एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जहां आउटसोर्सिंग को नवाचार की मौत की घंटी के रूप में देखा जा रहा है। यह एक नाटकीय उलटफेर है जो यह संकेत दे सकता है कि रोजमर्रा में अमेरिकी श्रमिकों के गुस्से ने कितना कुछ गहरा छोड़ दिया है। दूसरी बात जो सामने आती है वह यह है कि उपभोक्तावाद ने अमेरिका के मन में खालीपन भर दिया है। **:: एजेंसी**

# यह पैसे मेरे नहीं हैं!

मी लॉर्ड! यह जो मेरे घर में बोरियों में नोट मिले हैं, यह मेरे नहीं हैं। मैं खुद हैरान हूं कि इतने सारे नोट मेरे घर में कहां से आ गए और कब से जमा होते चले गए। मैं तो अपना कर्म कर रहा था। सरकारी कुर्सी पर बैठकर अपना धर्म निभा रहा था। मैं कर्म करता गया और बोरियों में नोट भरते गए। यह कैसे होता गया, मेरी समझ से परे है। मी लॉर्ड, शायद यह आपकी समझ से भी बाहर होगा और इसे आप ईश्वर का चमत्कार भी कह सकते हैं। और चमत्कार को नमस्कार करना ही पड़ता है। मैं हैरान और परेशान होते हुए भी



इस चमत्कार को स्वीकार कर रहा हूं, लेकिन साथ ही यह भी सोच रहा हूं कि मेरे कर्मों पर ईश्वर इतना मेहरबान कैसे हो गया! मुझे याद है, बचपन में जब भी मैं गरीबों को दान देता था, तो मां कहती थी- 'बेटा, जो देता है, भगवान उसे दस गुना लौटाता है!' शायद वही बात सच हो गई। मैंने अपने जीवन में जो छोटे-मोटे दान-पुण्य किए होंगे, ईश्वर ने उनका इतना बड़ा हिसाब जोड़ दिया कि बोरियों में भर-भरकर नोट मेरे घर आ गए। अब यह मेरी गलती नहीं है कि भगवान को गणित कमजोर आता है और वह दस गुना के बजाय हजार गुना लौटा रहे हैं! मी लॉर्ड, बोरी में नोट मिले हैं, लेकिन यह कब और कैसे आए, मैंने नहीं देखा। पर ईश्वर ने तो सब देखा है। ईश्वर ने इस ब्रह्मांड में हर जगह सीसीटीवी कैमरे फिट कर रखे हैं। इन कैमरों का कनेक्शन सीधे ईश्वर के पास है। हां, मेरा ईश्वर से कोई डायरेक्ट लिंक नहीं है, लेकिन शायद किसी नेटवर्क गड़बड़ी के कारण मेरे हिस्से के कर्मों का फल अचानक कैश में बदलकर मेरे घर में पहुंच गया। अब देखिए, ईश्वर जब मेहरबान होता है, तो किसी को कर्मों का फल वोटों के रूप में मिलता है और वह चुनाव जीतकर बड़ी कुर्सी पर बैठ जाता है और दुनिया पर राज करता है। लेकिन ईश्वर ने मेरे कर्मों का पूरा हिसाब-किताब देखने के बाद शायद मुझे नेता बनने लायक नहीं समझा। इसलिए न तो उसने किसी राजनीतिक दल का टिकट दिलवाया और न ही चुनाव जितवाया। इसके बजाय, उसने मेरे भाग्य का दरवाजा अलग अंदाज में खोला और कैश के रूप में मुझे आशीर्वाद दे दिया। लेकिन मी लॉर्ड, मेरे मन में कुछ संदेह भी उठ रहे हैं। अगर यह पैसे मेरे हैं ही नहीं, तो फिर मेरे घर में आए कैसे? कोई और भी तो इन्हें रख सकता है! मैं एक सच्चा, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हूं। सरकारी कुर्सी पर बैठकर मैंने दिन-रात मेहनत की, फाइलों पर हस्ताक्षर किए, बजट पास किए, टेंडर मंजूर किए, और कानून का पूरा पालन किया। फिर भी अगर मेरे घर में नोटों की बोरियां निकल आई हैं, तो इसमें मेरा क्या दोष? मी लॉर्ड, मैंने कभी भी नोट बोरियों में नहीं लिए। लेन-देन के कई आधुनिक और सुविधाजनक तरीके मौजूद हैं- डिजिटल पेमैंट, बैंक ट्रांसफर, बिटकॉइन, हवाला! मैं अपनी कीमती चीजें लॉकर में रखता हूं, बेड बॉक्स के भीतर छिपाता हूं। कुछ चीजें तो मैं ऐसी जगह रखता हूं कि मेरी पत्नी तक को नहीं पता चलता। फिर ये बोरियों वाली बात कहां से आई। अब सवाल यह उठता है कि बोरियों में कौन नोट रख गया? यह सवाल लाख टके का है। मेरा मानना है कि इसमें दो संभावनाएं हैं-या तो मेरे पूर्वजों की आत्माएं यह सोचकर चली गई थीं कि मेरे लिए कुछ छोड?र जाना चाहिए और उन्होंने अपनी दुनिया से इसे मेरे घर में ट्रांसफर कर दिया। या फिर हो सकता है कि मेरी पत्नी ने घर की सफाई करते हुए किसी पुराने संदूक को खोल दिया हो और उसमें से यह धनवर्षा हो गई हो। मी लॉर्ड, मैं तो यही कहूंगा- यह पैसे मेरे नहीं हैं। अगर यह मेरे होते, तो किसी बैंक में जमा होते, किसी निवेश योजना में डले होते, या कम से कम मेरी तिजोरी में होते। मगर बोरियों में पड़े मिलें, यह किसी शरारती तत्व की साजिश ही हो सकती है। इसलिए मी लॉर्ड, आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि मेरी बेगुनाही पर भरोसा करें और इस रहस्य की जांच करवाएं। साथ ही, अगर संभव हो तो यह भी पता लगवा दें कि क्या भगवान सच में इतने जल्दी पैसे लौटाने लगे हैं? अगर हां, तो मैं अपने कुछ और पुराने पुण्य याद करने की कोशिश करूं!


# ट्रंप-पुतिन युद्ध विराम चर्चा, स्थिति जस की तस

ट्रंप के सत्ता में आने और युद्ध विराम की घोषणा और ट्रॅम्प पुतिन की गहन चर्चा,जेलेन्सकी को शांति की समझाइश के बावजूद वर्तमान युद्ध के परिदृश्य में और तेजी आई है,युद्ध के विराम की संभावनाएं धूमिल ही हुई है। भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है।


रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफसे लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं की युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है। अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि

**विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है। वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है। और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है। इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग महासभा में स्वीकार भी करता है।**

जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है। पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था। तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था। पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिली। और इसके उपरांत भारत लगातार ÷अहिंसा परमो धर्म÷ की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है। कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया। और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही। भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही। भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफसे आक्रमण हमला नहीं किया। और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है। भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है। वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है। और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया यह उनकी संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को संबोधित करने का हिंदी में तीसरा अवसर था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलाया। उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था। यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी धर्म तथा संविधान तथा घोषणा पत्र मैं शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है। **:: चर्चित डेस्क**



# आज का राशिफल



**मेष:-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**वृषभ:-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या:-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**तुला:-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु:-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंध में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुम्भ:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्यों की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मीन:-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।



राशि रत्न

## मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरदोई, चसं।** जनपद के सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम मुरौली कठेरियान में 15 फरवरी को हमला कर परिवार को घायल करने के मामले में थाना पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की है।एक नामजद आरोपी को पुलिस 16 फरवरी को ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी है।प्राप्त विवरण में 15 फरवरी को अखिलेश पुत्र शिवपाल निवासी ग्राम मुरौली कठेरियान द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि मनोज पुत्र राजेश निवासी ग्राम मुरौली कठेरियान व 8 अन्य व्यक्तियों द्वारा उसे व उसके परिजनों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की गयी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।थाना सांडी के उपनिरीक्षक सूर्यमणि यादव व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद मनोज पुत्र राजेश को गिरफ्तार किया गया।16 फरवरी को थाना सांडी पुलिस नामजद आरोपी शोभित पुत्र राजेश को गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेज चुकी है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बनाया प्रतिपदा उत्सव

## आरएसएस के स्वयंसेवकों ने हर्ष और उल्लास से मनाया नया साल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में पथ संचलन के साथ मनाया गया वर्ष प्रतिपदा उत्सव नगर के बाल विद्या भवन प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया।

संघ की पद्धति से सर्वप्रथम आद्य सरसंघचालक को प्रणाम, केशव अर्चना, ध्वजवंदन तथा प्रार्थना हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रान्त कार्यवाह अविनाश जी ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा वर्ष प्रतिपदा का धार्मिक ऐतिहासिक व वैज्ञानिक महत्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्री ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी। भवानी आदिशक्ति का प्राक्ट्य हुआ था, भगवान श्रीराम का वनवास पर्यन्त राज्याभिषेक हुआ था। महाराज विक्रमादित्य का राज्याभिषेक भी आज ही के दिन हुआ था। ऋतु परिवर्तन इसी समय दृष्टिगोचर होता है। इस तिथि की महत्ता देखते हुए हम सभी हिन्दू भाईयों को मिलकर हर्षोल्लास से यह पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत माता की सेवा शताब्दी पूर्ण कर रहा है इस उपलक्ष्य में हम सभी पञ्च परिवर्तन हेतु संकल्प लेने है और समाज में उनके प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता बढानी है। पहला है सामाजिक समरसता जिसका अर्थ है सभी वर्गों, जातियों और समुदायों के बीच परस्पर प्रेम और एकता बनाए रखना। सामाजिक समरसता से ही हम संगठित और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। दूसरा है, कुटुंब प्रबोधन, एक सशक्त परिवार से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार दें, उन्हें अपने



संस्कृति और परंपराओं से जोड़ें. संतों, महापुरुषों, वीरों की गाथाएँ सुनाएँ. परिवार के साथ समय बिताएं। प्रतिदिन कम से कम एक बार परिवार के सभी सदस्य एक साथ भोजन करें। तीसरे संकल्प परिवार संरक्षण के बारे में उन्होंने कहा यदि हम चाहते हैं कि हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण दे जाएँ, तो हमें जल, वायु और प्रकृति की रक्षा करनी होगी। प्लास्टिक का कम उपयोग करें, अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और प्राकृतिक संसाधनों का बुद्धिमत्तापूर्वक उपयोग करें। चौथा है स्वदेशी और स्व की संकल्पना 7 स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे, तो हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। इसके साथ ही स्व की भावना पर गर्व करें। पांचवां है नागरिक कर्तव्य जिसमे हम सभी खुद को और दूसरों को भी देश के नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करें। हम देशहित को सर्वोपरि रखे और अपने अपने दायित्वों को सत्यनिष्ठा से निभाए। जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों को समझेगा, तभी हमारा राष्ट्र सही मायने में प्रगति करेगा। उन्होंने अंत में कहा कि, यह पंच परिवर्तन कोई नारा नहीं है, बल्कि संकल्प हैं, जो हमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर ले जाएगा। यदि हम इन पाँच स्तंभों को अपने जीवन में उतारते हैं, तो हम न केवल अपने समाज को, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर ले जा सकते हैं। इस अवसर पर नगर में पथ संचलन भी निकाला गया जो बाल विद्या भवन से आरम्भ होकर सिनेमा चौराहे, बड़े चौराहे से अटल चौराहे से होकर वापस बाल विद्या भवन पर समाप्त हुआ. जगह जगह आम नागरिकों ने पुष्प वर्षा और भारत माता की जाया के नारों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र संघचालक कृष्णमोहन, विभाग संघचालक शिव स्वरूप, नगर संघचालक मिथिलेश, नगर कार्यवाह मिथिलेश शर्मा, नगर कार्यवाह विनय पांडे, नगर प्रचारक विशाल, जिला कार्यवाह संजीव खरे और जिला प्रचारक रवि सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# चंद्रशेखर आजाद और संभल सीओ अनुज चौधरी के बीच जमकर बहस

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** संभल में माहौल तनावपूर्ण बन गया। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण और संभल जिले के सीओ अनुज चौधरी के बीच तीखी बहस हो गई।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों के बीच बहस को साफदेखा जा सकता है। संभल में एक सार्वजनिक सभा के दौरान सीओ अनुज चौधरी और चंद्रशेखर आजाद रावण आमने-सामने आ गए।

बहस इतनी बढ़ गई कि मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। आजाद समर्थकों ने जमकर नारेबाजी भी की, जिससे स्थिति और गरमा गई। विवाद प्रशासनिक फैसलों और पुलिस कार्रवाई को लेकर हुआ, जिसमें चंद्रशेखर आजाद ने संभल सीओ अनुज चौधरी पर सवाल उठाए और उनकी कार्यशैली पर नाराजगी जताई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि चंद्रशेखर आजाद सीओ अनुज चौधरी को फटकारते नजर आ रहे हैं। सीओ अनुज चौधरी भी अपनी बात पर अड़े हैं। वीडियो के सामने आते ही मुद्दा और ज्यादा गर्मा गया है और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।संभल के सीओ अनुज चौधरी पहले भी अपने बयानों और कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहे हैं। वह मूल रूप से मुजफ्फरनगर के निवासी हैं और यूपी पुलिस में स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती हुए थे। एक समय पर वह रेसलिंग के सफल खिलाड़ी भी रह चुके हैं और कई मेडल जीत चुके हैं। उनकी तेज-तर्रार कार्यशैली और स्पष्ट बयानों के कारण वे अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं।17 मार्च को चंद्रशेखर आजाद ने मुजफ्फरनगर में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने सीओ अनुज चौधरी को सरकार की राजनीति से दूर रहने की सलाह दी थी।

सरकार का मतलब निकलते ही आपको दूध में से मक्खी की तरह निकालकर फेंक दिया जाएगा।

संभल पुलिस प्रशासन ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है और यह देखा जा रहा है कि इस बहस की असल वजह क्या थी।

## बच्चों का, बच्चों के लिए, बच्चों के द्वारा किया गया कार्यक्रम ही विदाई समारोह

**हरदोई, चसं।** बच्चों का, बच्चों के लिए, बच्चों के द्वारा किया गया कार्यक्रम ही असल में विदाई समारोह कहलाता है, यह बात वायरल गुरु शिवेंद्र सिंह बघेल ने अपने प्राथमिक विद्यालय फैजुल्लापुर टोडरपुर के बच्चों के विदाई समारोह के दौरान कही। आपको बता दें कि बेसिक शिक्षा परिषद के छात्र छात्राओं के सत्र अंत आज से हो गया। इस दौरान विद्यालय में कक्षा 4 के बच्चों के द्वारा कक्षा 5 के बच्चों को विदाई दी गई, इसके साथ ही परीक्षा परिणाम भी वितरित किया गए। कक्षा 5 के विद्यार्थी सुबोध ने सबसे ज़्यादा नंबर पाकर पहला स्थान सुनिश्चित किया। सुबोध ने बताया कि उसे बड़ा होकर एक पुलिस ऑफिसर बनना है। इसके साथ ही विद्यालय के समस्त बच्चों ने कक्षा उन्नति प्राप्त की। कक्षा 4 के विद्यार्थी श्याम मोहन ने कहा कि हम सभी को अपने से बड़े भाई बहनों से सीखना चाहिए, किस प्रकार अच्छे से पढ़ाई करके अच्छे मार्ग पर बढ़ सकते हैं। विद्यालय के सहायक अध्यापक अभिषेक कुमार अवस्थी ने बच्चों को बताया कि बेसिक के विद्यालय ही बच्चों को मजबूती प्रदान करते हैं साथ ही सरकार की योजना के अंतर्गत सभी को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा मिल पाना संभव हो पाया है।

# अपर जिलाधिकारी ने किया मिलेट्स स्टोर का उद्घाटन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- पोषक तत्वों से भरपूर होता है मिलेट्स : कृषि निदेशक

**हरदोई।** जनपद हरदोई में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी की प्रेरणा से स्वास्थ्यवर्धक श्री अन्न मिलेट्स उत्पाद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को सहजता से उपलब्ध कराने हेतु मिलेट्स स्टोर की स्थापना कलेक्ट्रेट परिसर हरदोई में की गयी है, जिसका उद्घाटन अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रियंका सिंह ने फीताकाट कर किया गया।

उक्त कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तहसील सदर, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, एवं मिलेट्स स्टोर के पोप्राइटर सुश्री श्री त्रिपाठी के साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे। सुश्री श्री त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि स्थापित मिलेट्स स्टोर में उत्तम कोटि के श्रीअन्न द्वारा निर्मित कुकीज, नमकीन, फ्लैक्स, पोहा एवं स्वादिष्ट बेकरी उत्पाद गुणवत्तापूर्ण मिठाई बिक्री हेतु उपलब्ध होती रहेगी। संयुक्त कृषि निदेशक ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित लोगों को बताया कि श्री अन्न (मिलेट्स) से बने उत्पाद स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। मिलेट्स में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। मिलेट्स में फाइबर और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होते हैं, जो भूख को नियंत्रित करते हैं और वजन कम करने में मदद करते हैं। मिलेट्स में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। मिलेट्स में कैल्शियम और फास्फोरस जैसे मिनरल होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। मिलेट्स में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो इम्युनिटी को मजबूत करने में मदद करते हैं। मिलेट्स में मैग्नीशियम और फाइबर होते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। उन्होने सभी लोगों से अपील की कि वह अपने खाने में अधिक से अधिक मोटे अनाजों को प्रयोग करे कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित लोगों द्वारा मिलेट्स स्टोर से श्री अन्न से बने उत्पादों को अधिक संख्या में क्रय किया गया।

## 31 मार्च को हरदोई में ईद-उल-फितर मनेगी

**हरदोई, चसं।** 31 मार्च को हरदोई में ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। अंजुमन इस्लामिया ने शहर की मस्जिदों में होने वाली नमाज का समय निर्धारित कर दिया है। सऊदी अरब में ईद 30 मार्च को मनाई जाएगी।

ईदगाह, बिलग्राम चुंगी में सुबह 7 बजे सबसे पहली नमाज होगी। जामा मस्जिद हरदेवगंज में 7:45 बजे, राहत मार्केट मस्जिद में 8 बजे और चौहानथोक मस्जिद में 8:15 बजे नमाज अदा की जाएगी।मोमिनाबाद, सुंदरदाई, कन्हईपुरवा, धन्नूपुरवा, नघेटा, इस्लामगंज, पुलिस लाइन, अब्दुलपुरवा, वैटगंज, किरमानी और मस्जिद रियायत में सुबह 7:30 बजे नमाज होगी। सिविल लाइन, बोर्डिंग हाउस, मस्जिद नूर और मस्जिद हक्की में 7:15 बजे नमाज अदा की जाएगी। मस्जिद सरायखाम में सुबह 9 बजे नमाज होगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अंजुमन इस्लामिया ने सभी मुस्लिम भाइयों से समय से पहले मस्जिद पहुंचने की अपील की है। ईद के मौके पर लोग एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देंगे। मीठी सेवइयों का आनंद लेंगे। हजारों की संख्या में नमाजी मस्जिदों में शामिल होंगे।

## कछौना पुलिस ने अपहृत बालिका को किया बरामद

**हरदोई, चसं।** कछौना थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग लड़की को पुलिस ने बिहार से बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

हरदोई के कछौना थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग लड़की को पुलिस ने बिहार से बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता के पिता ने 24 फरवरी 2025 को कछौना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मामले में पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ीं। जांच में आरोपी की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई। वह बिहार के सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव का निवासी है।उप-निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम में हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, जितेंद्र तिवारी और बृजभान यादव शामिल थे। पुलिस अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरदोई, चसं।** जनपद के सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम मुरौली कठेरियान में 15 फरवरी को हमला कर परिवार को घायल करने के मामले में थाना पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की है।एक नामजद आरोपी को पुलिस 16 फरवरी को ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी है।प्राप्त विवरण में 15 फरवरी को अखिलेश पुत्र शिवपाल निवासी ग्राम मुरौली कठेरियान द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि मनोज पुत्र राजेश निवासी ग्राम मुरौली कठेरियान व 8 अन्य व्यक्तियों द्वारा उसे व उसके परिजनों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की गयी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।थाना सांडी के उपनिरीक्षक सूर्यमणि यादव व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद मनोज पुत्र राजेश को गिरफ्तार किया गया।16 फरवरी को थाना सांडी पुलिस नामजद आरोपी शोभित पुत्र राजेश को गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेज चुकी है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।शेष आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है।

## गर्भवती पत्नी को दिया तीन तलाक, दहेज में मांग रहा बाइक और तीन लाख रुपए

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में एक व्यक्ति ने गर्भवती पत्नी को तलाक दे दिया। वह दहेज में बाइक और तीन लाख रुपए मांग रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर गर्भवती के पेट में लात मारकर घर से निकाल दिया। पीड़ता ने ठाकुरगंज में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने महिला की ससुराल के 11 लोगों के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। बालागंज निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले सीतापुर के महमूदाबाद निवासी गुफरान अंसारी से हुई थी। शादी के कुछ महीने तक सब ठीक रहा। इसके बाद ससुरालवाले कम दहेज लाने का ताना देने लगे।

# यूपी में एनसीआर के तर्ज पर बनेगा एससीआर आधा दर्जन जिले शामिल, कमेटी गठित

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ सहित हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी को मिलाकर आठ माह पहले बनाए गए राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण यूपीएससीआरडीए की सहायता के लिए राज्य सरकार ने कार्यकारी समिति का गठन किया है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व प्रमुख सचिव आवास की अध्यक्षता में गठित की गई समिति में 21 सदस्य रखे गए हैं।समेकित नियोजित विकास के लिए एनसीआर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्लानिंग बोर्ड की तर्ज पर यूपीएससीआरडीए का गठन तो पिछले वर्ष 19 जुलाई को कर दिया गया था लेकिन अब तक उसके द्वारा कोई खास काम नहीं किया जा सका है।राज्य सरकार ने प्राधिकरण के कामकाज को शुरू करने के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया है।प्राधिकरण के कृत्यों के निर्वहन में सहायक की भूमिका अदा करने वाली समिति में नगर विकास, लोक निर्माण, ग्राम्य विकास, अवस्थापना व औद्योगिक विकास, परिवहन, पंचायती राज विभाग के सचिव विशेष सचिव, यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक सीटीसीपी लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, स्थानीय निकाय निदेशक, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर व बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त नगर नियोजन व विकास के क्षेत्र के विशेषज्ञ को बतौर सदस्य रखा गया है।

यूपीएससीआर विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव ही कार्यकारी समिति के सदस्य सचिव भी होंगे। उल्लेखनीय हैकि 27,826 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले यूपीएससीआरडीए के अध्यक्ष मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष मुख्य सचिव हैं।

# ईद की पूर्व संध्या पर मुस्लिम समाज ने किया चेट्टी चंड जुलूस का स्वागत



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** सामाजिक सद्भाव भाईचारे की अद्भुत मिशाल पेश करते हुए आज मुस्लिम समाज से जुड़े लोगो एवं विशिष्ट नागरिकों द्वारा केसरबाग चौराहे पर झूले लाल जयंती पर आयोजित चेटी चंड जुलुस पर पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर साई हरीश लाल जी का अत्यंत जोरदारी से स्वागत किया।ज्ञात हो प्रति वर्ष भगवान झूले लाल जिनको वरुण देवता का अवतार माना जाता हैं के प्राकट्य दिवस पर सिंध समाज का नया वर्ष प्रारम्भ होता हैं।इसी के उपलक्ष्य में चेटी चंड शोभा यात्रा निकाली जाती हैं। उक्त जुलुस शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ कैसरबाग पंहुचा जहाँ वरिष्ठ पत्रकार अजीज सिद्दीकी,अब्दुल वहीद,जुबेर अहमद परवेज अख्तर,संजय गुप्ता,समाज सेवी अब्दुल रशीद, मो मुख्तार, तौसीफ आलम, सुरेंद्र सोनकर,आरिफ मुकीम, रामबाबू, तौहीद आलम, अवधेश सोनकर,अमरजीत कुरील आदि मुख्य रूप से स्वागत कर्ताओ में रहे। इस अवसर पर सिंधी समाज के मुरलीधर आहूजा, मोहनदास लाधानी, विवेक लाधानी, वीरेंद्र खत्री, संजय जेसवनी, श्याम लाल कृष्णानी, अशोक मोतियानी, सतीश अथवानी, रतन मेघानी, अशोक चंदवानी, अनिल बजाज, सतेंद्र भवनानी, महेश दीक्षित, दर्शन लाल, साई किशनलाल जी ने इस स्वागत पर मुस्लिम समाज एवं पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कल आने वाले ईद के त्यौहार की मुबारकबाद देते हुए देश में अमन भाई चारे की प्रार्थना की।

## हमें अपनी संस्कृति को बचाना हैं तो हमको अपने सनातन पर्वों को भी जानना चाहिए : पाठक

**शाहजहाँपुर, चसं।** नवसंवत्सर का शहर के ब्राह्मण समाज ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संस्कृति की रक्षा लेते हुए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जनों ने जनकल्याण हेतु परमपिता से प्रार्थना की। वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ हवन पूजन का आयोजन हुआ। परशुराम धाम में हुए भव्य आयोजन में वरिष्ठ वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के संरक्षक केशव चंद्र मिश्र के द्वारा किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने कहा कि हम अपनी संस्कृति को बचाना चाहते हैं तो हमको अपने सनातन पर्वो को भी जानना चाहिए,और अपने बच्चों को भी उनसे परिचित कराना चाहिए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र ने कहा कि सनातन संस्कृति का मूल ही नवसंवत्सर से है,आज हमारी युवा पीढ़ी अपने सनातन धर्म के प्रतीकों, मान बिंदुओं को भूली हुई है जिसको याद दिलाने की हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

शिखा और जनेऊ ब्राह्मण की मूल पहचान हैं। इनको धारण करना ब्राह्मण के लिए गर्व का विषय है। भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र ने कहा कि हमे इस बात का गर्व है कि हम ब्राह्मण है।

# संक्षिप्त समाचार

## आरएसएस ने मनाया प्रतिपदा उत्सव

**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम सम्वत 2082 वर्ष प्रतिपदा उत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें स्वयंसेवको ने आद्य सरसंघ चालक प्रणाम किया व संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उन्हें याद किया गया।तत्पश्चात मुख्य वक्ता सह विभाग प्रचारक शिवशंकर ने अपने उद्बोधन में बताया मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी।इसीलिए ये दिवस मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। नित नए सोपानों पर चढ़ रहा है।ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य का पालन कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैर जनपद की आने वाली ईंटों से भरी ओवरलोड ट्रालियां कराई जाय बंद

**हरपालपुर/ हरदोई, चसं।** हरपालपुर कस्बे के नागरिको ने पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन से मिलकर गैर जनपदों से आने वाली ईंटा भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां बंद कराने की मांग की है।

हरपालपुर कस्बा निवासी रंजन गुप्ता, अमित पांडेय, अनुराग पांडेय, सौरभ मिश्रा सिप्पी, उपेंद्र पांडेय, अंकित गुप्ता, प्रिंस शिशिर, सत्यम पाठक आदि ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन से भेंट कर शिकायती पत्र दिया है। जिसमें बताया गया कि गैर जनपद शाहजहांपुर से प्रतिदिन ईटों से भरी सैकड़ो ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां कटियारी क्षेत्र में आती हैं। इन ट्रैक्टर ट्रालियों की क्षमता मात्र 2000 ईटो की है। जबकि 7से8000 ईटा भरकर उनके ऊपर 6-7 लेबर भी बैठकर आते हैं।ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वहीं सड़कें भी क्षतिग्रस्त होते हैं।शिकायती पत्र में ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों का आवागमन बंद करने की मांग की है।

## कलश शोभा यात्रा के साथ आठ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** कस्बे के मोहल्ला दिलेरगंज स्थित कात्यायनी शक्तिपीठ में राष्ट्रीय जनजागरण सेवा न्यास व कात्यायनी शक्तिपीठ के संयुक्त तत्वाधान में संकटा देवी मंदिर से दिव्य ज्योति कलश शोभायात्रा मां कात्यानी शक्तिपीठ दिलेरगंज तक निकाली गई। जहां कात्यायनी मंदिर में ज्योति व कलश स्थापित किया गया।शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज ने बताया आठ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव में नित्य प्रातः गौरी गणेश पूजन हवन के बाद सायं 6 बजे से वृंदावन धाम से पधारे सरस कथा वक्ता अनंत शरण जी महाराज के मुख से श्री रामकथा का पाठ किया जाएगा।महोसव को 6 अप्रैल को विराम दिया जाएगा।ज्योति कलश शोभा यात्रा में महिलाएं,बच्चे व पुरुष भक्तगण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा, कोतवाल शिवगोपाल, उपनिरीक्षक रजनीश त्रिपाठी,घनश्याम बिंद, महिला उपनिरीक्षक और पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कात्यायनी शक्ति पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि ने शोभायात्रा में आए हुए सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया।इस मौके पर बाबा त्रिलोकी नाथ, केसरिया हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष पवन रस्तोगी,मदन राठौर,अनिल लाहौरी,प्रेमशंकर गुप्ता,राजा बाल्मिकी,नन्हे भैया, नेहाल,शिवपूजन राठौर समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चोरी के सामान के साथ दो चोर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजे जेल, बंद सरकारी स्कूलों को बनाते थे निशाना

**हरदोई, चसं।** जनपद के कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र के निबहा व पुरवा बाजीराव के प्राथमिक विद्यालय मे अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देशन मे अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम में बेनीगंज के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने चौकी कोथावा प्रभारी विजय कुमार, एसआई विक्रांत शर्मा व पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर रैपालपुर निवासी सूरज पुत्र नन्हके के घर मे दबिश देकर उसे व उसके साथी संदीप सिंह पुत्र विनोद सिंह पुरवा बाजीराव की शनिवार शाम को पकड़कर थाने लाया गया।

चोर सूरज के घर मे 3 सिलेंडर, 2 गैस चूल्हा, एक एलसीडी टीवी, एक सोलर पैनल, एक स्टील कुकर, चालिस स्टील प्लेट, दो स्टील के डोंगे, एक बैग व घटना मे प्रयुक्त हथोड़ा राड व रिंच बरामद किया है। कड़ी पूछताछ करने पर पुलिस को दोनों आरोपियों ने निबहा व पुरवा बाजीराव के विद्यालयों मे हुई चोरी का गुनाह करना कबूल किया।बेनीगंज पुलिस ने रविवार दोपहर चोरी का खुलासा करते हुए आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से इन्हें जेल भेज दिया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने कोतवाल से पूछा-यहां सब बिना हेलमेट के कैसे बाइक चला रहे

**हरपालपुर/ हरदोई, चसं।** अरवल थाने के कर्तियापुर गॉव में निजी कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने हरपालपुर कस्बे में बड़ी संख्या में बिना हेलमेट के बाइक चालकों को देखा तो उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।उन्होंने हरपालपुर कोतवाल को फोन कर कड़ी फटकार लगाई। कहा कि हेलमेट लगाकर बाइक चलाने के लिए काफी दिन से चेकिंग के साथ अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद हरपालपुर कस्बे में बड़ी संख्या में बाइक चालक बिना हेलमेट के घूम रहे हैं। एसपी के कड़े तेवर के बाद प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल भारी पुलिस बल के साथ पूरे कस्बे में घूम कर बड़ी संख्या में कई ऑटो, पिकअप को सीज कर दिया है।कोतवाल ने बड़ी संख्या में बाइक चालकों का भी चालान किया है।

## पाली नगर में मां ज्वालाजी की दिव्य ज्योति का भव्य स्वागत, भक्तों में उमंग

**पाली/हरदोई, चसं।** नगर में आस्था और भक्ति के अद्भुत संगम के बीच मां ज्वालाजी की दिव्य ज्योति आज पाली नगर पहुंची, जहां नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। यह दिव्य ज्योति हिमाचल से पवित्र यात्रा करते हुए यहां लाई गई, जिसके लिए 26 मार्च को माता पथवारी देवी मंदिर से 57 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ था। आज प्रातः 7:30 बजे, श्रद्धालुओं का जत्था आंझी स्टेशन पहुंचा, जहां से दिव्य ज्योति को भव्य शोभायात्रा के साथ नगर में लाया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, डीजे की भक्तिमय धुन और सजी-धजी गाड़ियों के काफिले ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। आंझी स्टेशन से शाहाबाद होते हुए जब यह यात्रा पाली नगर के गरुणगंगा पुल पहुंची, तो नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर माता का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के बाद दिव्य ज्योति को माता पथवारी देवी मंदिर में विधिवत विराजमान किया गया। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे पंडाल में जय माता दी के गगनभेदी जयकारों की गूंज सुनाई दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। पाली नगर में हर वर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर मां ज्वालाजी की दिव्य ज्योति लाई जाती है। इस परंपरा के अंतर्गत इस वर्ष भी नगरवासियों ने अद्भुत भक्ति और उल्लास के साथ आयोजन को भव्यता प्रदान की। श्रद्धालुओं की अपार आस्था और भक्ति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## गोपामऊ क्षेत्र में व्यक्ति का शव मिला

**हरदोई, चसं।** गोपामऊ क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गोपामऊ से हरसिंहपुर जाने वाली सड़क के किनारे खंती में शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर स्थानीय लोगों और पुलिस को खबर दी गई। गोपामऊ चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में शव रात का लग रहा है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा।पुलिस मृतक की पहचान और मौत की परिस्थितियों की जांच कर रही है। शव की स्थिति को देखते हुए दुर्घटना या आपराधिक घटना की आशंका है।

आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है। पुलिस ने मामले की गहन जांच का आश्वासन दिया है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

पुलिस गश्त बढ़ाकर संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अगर किसी को मृतक की पहचान या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हो तो तुरंत बताएं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कंज्यूमर क्षेत्र की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी डील, हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदेगी टेमासेक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सिंगापुर आधारित इन्वेस्टमेंट फर्म टेमासेक ने हल्दीराम में माइनॉरिटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए इक्विटी समझौता किया है। कंपनी द्वारा रविवार को जारी की गई प्रेस रिलीज में यह जानकारी दी गई। इसे भारत के कंज्यूमर सेक्टर की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी डील माना जा रहा है। कंपनी द्वारा बताया गया कि उसने हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड में मौजूदा शेयरधारकों से इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक समझौता किया है। यह लेनदेन रेगुलेटरी अप्रूवल के अधीन है और इसके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी की ओर से इस इक्विटी समझौते में वित्तीय लेनदेन को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन टेमासेक की सहायक कंपनी जोंगसॉन्ग इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने मार्च में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से हल्दीराम में करीब 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना की मंजूरी के लिए संपर्क किया है। इस डील के लिए पीडब्ल्यूसी इंडिया को एक्सक्लूसिव फाइनेंशियल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। पीडब्ल्यूसी इंडिया के चेयरपर्सन संजीव कृष्ण ने डील के बारे में कहा कि यह डील न केवल भारत में सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी कंज्यूमर डील है, बल्कि घरेलू बिजनेसेज का भी प्रतिबिंब है जो ग्लोबल स्तर पर भारत की पोजीशन को बेहतर बना रहे हैं। हल्दीराम के प्रवक्ता ने डील पर कहा कि हम टेमासेक को निवेशक और पार्टनर के रूप में स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। हम उनके साथ मिलकर कंज्यूमर क्षेत्र में उनके अनुभव का उपयोग करके हमारी ग्रोथ को तेज करने और बदलती कंज्यूमर डिमांड को पूरा करने के लिए तत्पर हैं। हल्दीराम देश की सबसे बड़ी फूड चेन में से एक है। इसकी स्थापना 1937 में हुई थी। कंपनी अपने नमकीन, स्नैक्स, मिठाइयों और पैकेज्ड फूड्स के लिए प्रसिद्ध है। भारत के साथ कंपनी का कारोबार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है। हल्दीराम में टेमासेक का हिस्सेदारी खरीदना भारत के उभरते हुए कंज्यूमर क्षेत्र को दिखाता है। टेमासेक लंबे समय से भारत के कंज्यूमर और फूड सेक्टर में एक सक्रिय निवेशक है। 31 मार्च 2024 तक, कंपनी का नेट पोर्टफोलियो 288 अरब डॉलर का था।

### गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया मीट में 10,000 मीटर का अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**सैन जुआन कैपिस्ट्रानो, एजेंसी।** भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने द टेन 2025 एथलेटिक्स मीट में 27.00.22 सेकंड का समय लेकर पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। 26 वर्षीय गुलवीर सिंह ने 14.66 सेकंड के समय से 27.14.88 का अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने जापान में हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस 2024 इवेंट में बनाया था। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफइंडिया ने एक्स पर पोस्ट किया, गुलवीर सिंह ने 27.00.22 का समय लेकर अपने राष्ट्रीय 10,000 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। शनिवार को यूएसए में द टेन प्रतियोगिता में वे छठे स्थान पर रहे। संयोग से, गुलवीर ने पिछले साल द टेन में पहली बार 10000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था, उन्होंने 27रू41.81 का समय लेकर दौड़ पूरी की थी। इस प्रदर्शन ने सुरेंद्र सिंह के पिछले रिकॉर्ड 28रू02.89 को पीछे छोड़ दिया, जो 2008 से कायम था। गुलवीर ने बाद में जापान में हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस इवेंट में अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। हांगझाऊ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता का द टेन में समय, जो कि विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर-लेवल मीट है, विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 के लिए स्वचालित योग्यता मानक के भी बहुत करीब था, जो कि 27रू00.00 है - जो कि गुलवीर के फिनिश से सिर्फ0.22 सेकंड कम है। हालांकि, उन्होंने एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 के लिए प्रवेश मानक को तोड़ दिया, जिसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफइंडिया (एएफआई) द्वारा 29.33.26 सेकंड निर्धारित किया गया है। गुलवीर के नए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ने उन्हें 10000 मीटर में एशियाई धावकों द्वारा दर्ज किए गए सर्वश्रेष्ठ समय की सूची में तीसरा स्थान दिलाया। उनसे आगे केवल कतर के अहमद हसन अब्दुल्ला और निकोलस केम्बोई हैं।

इस साल की शुरुआत में, गुलवीर सिंह ने बोस्टन में एक एथलेटिक्स मीट में पुरुषों के 3000 मीटर इनडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड और एशियाई 5000 मीटर शॉर्ट ट्रैक रिकॉर्ड को भी अपने नाम किया। पिछले महीने, गुलवीर ने बोस्टन में टेरियर डीएमआर चौलेंज इनडोर प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहते हुए, एशियाई इनडोर 5,000 मीटर रिकॉर्ड में सुधार किया और 2025 विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्वचालित योग्यता मानक हासिल किया। उन्होंने बोस्टन में टेरियर डीएमआर चौलेंज इनडोर प्रतियोगिता में 12रू59.77 सेकंड का प्रभावशाली समय निकाला था, जो किसी भारतीय धावक द्वारा पहला रिकॉर्ड था, लेकिन वे तीसरे स्थान से चूक गए थे।

### एलएसजी ऑलराउंडर, शॉर्दुल ठाकुर बोले पिच की कंडीशन बता नहीं सकते एंटी-करप्शन का मामला है

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ में एलएसजी ऑलराउंडर शॉर्दुल ठाकुर ने इकाना स्टेडियम में होने वाले आईपीएल के पहले मैच को लेकर प्रेसवार्ता की। इकाना की पिच के सवाल पर शॉर्दुल ने कहा कि यह एंटी करप्शन का मामला है। कुछ बता नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीम में जहीर खान से सीखने को मिल रहा है। एक दो फ्रेंचाइजी से सीखने को मिल रहा। मैं, यहां पर यही सोच के आया हूं कि उनसे भी मुझे सीखने को मिलेगा। उन्होंने वर्ल्ड कप जिताया है। वह हमें सिखाते हैं। मेरा जो एक्सपीरीयंस वह भी मैं यंग स्टर्टस के साथ में साझा करता हूं। अर्शिन कुलकर्णी सहित अन्य खिलाड़ी निकोलस पूरन के साथ में जहीर खान से भी सीखते समझते हैं। सभी खिलाड़ी कान्फीडेंट हैं, जिसे मौका मिलेगा वह अच्छा काम करेगा। होम ग्राउंड में सबको जीतना ही होता है, इसका प्रेशर रहता है। होम कंडीशन में हम काम करते हैं तो उस चीज का फायदा होता है। हारना जीतना खेल का हिस्सा है। सभी टीम मैच जीतना चाहती हैं। लखनऊ की हास्पिटलिटी अच्छी है। एयरपोर्ट से लेकर होटल और स्टेडियम तक में। फैंस से अपील है कि वह लखनऊ टीम को सपोर्ट करें। हजारों की संख्या में फैन टीम को सपोर्ट करेंगे। जितना क्राउड सपोर्ट है उतना खिलाड़ियों में फुर्तिला पन भी आता है। इससे मैच भी चेंज हो जाता है।

### राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल, उत्तर प्रदेश ने रचा इतिहास, हिमाचल प्रदेश को 19-17 से हराया

**लखनऊ, चसं।** उत्तर प्रदेश ने 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चौंपियनशिप अपने नाम कर ली है। फाइनल में हिमाचल प्रदेश को 19-17 से हरा दिया। टीम पहली बार चौंपियन बनी है। चौंपियनशिप लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रही थी। चौंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने यूपी की टीम को बधाई देते हुए कहा कि आपने इस ऐतिहासिक जीत के साथ प्रदेश को गर्व का अवसर दिया है। खिलाड़ियों ने संघर्ष और अनुशासन के बल पर खुद को साबित किया है। यह सिर्फएक ट्रॉफी नहीं, बल्कि प्रदेश में खेल संस्कृति के उत्थान का प्रतीक है। सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं दे रही है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय कहा कि टीम ने शानदार खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने शानदार खेल दिखाया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। पहले हाफमें दोनों ही टीमों ने तेज अटैक किए, लेकिन हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़े। इस दौरान टीम ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफमें उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरुआत कर बढ़त बनाई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण मौके भी गंवाए। उत्तर प्रदेश की गोलकीपर निहारिका ने दमदार खेल दिखाते हुए कई अटैक को विफल कर दिया। मेजबान की ओर से नैना ने सबसे अधिक 6 गोल दागे। रेशमा, सुमन, प्रीति और अनन्या ने इसमें बखूबी साथ दिया। 3-3 गोल करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। वहीं, दीया को एक गोल करने में सफलता मिली। हिमाचल प्रदेश से जस्सी ने 6, काजल ने 5, कृतिका ने 4 और नितिका व मुस्कान ने 1-1 गोल करने में सफलता हासिल की। उत्तर प्रदेश टीम के कोच मोहम्मद तौहीद (अंतर्राष्ट्रीय कोच) ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने चौंपियनशिप के इतिहास में पहली बार स्वर्ण पदक जीता है। हमने जीत के लिए दूसरे हाफमें बेहतर रणनीति के साथ खेला और बेहतर डिफेंस पर भी फोकस किया। इसके साथ ही यह भी ध्यान दिया कि कोई चूक न हो। उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

# आईपीएल में खुला राजस्थान रॉयल्स का खाता

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



**दिसपुर।** गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में रविवार शाम खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 रन से मात दी। 18वें सीजन में लगातार 2 हार के बाद राजस्थान ने पहली बार जीत का स्वाद चखा। वहीं जीत के साथ आईपीलए 2025 का आगाज करने वाली चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार है। मैच में राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने 2 साल पुराना कारनामा दोहराया।

आखिरी ओवर में चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 20 रनों की दरकार थी। ऐसे में कप्तान रियान पराग ने डेथ ओवर स्पेशलिस्ट संदीप शर्मा को गेंद थमाई। क्रीज पर महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा थे। संदीप शर्मा के इस ओवर की पहली गेंद का सामना धोनी कर रहे थे। ऐसे में लग रहा था कि बेस्ट फिनिशर आसानी से मुकाबला जिता देंगे।

वहीं संदीप शर्मा 2023 वाला कारनामा दोहराने का मन बना चुके थे। पहली गेंद उन्होंने वाइड की। अगली गेंद पर संदीप ने धोनी को अपने जाल में फंसा लिया। शिमरोन हेटमायर ने डीप मिड विकेट से तेजी से अपने बाएं ओर भागकर शानदार कैच लपका। धोनी ने 11 गेंदों पर 16 रन बनाए। अगली गेंद पर जेमी ओवर्टन ने 1 रन लिया। तीसरी गेंद पर जडेजा ने भी सिंगल चुराया। चौथी बॉल पर जेमी ने सिक्स जड़ा। 5वीं और छठी गेंद पर जेमी ने भागकर 2-2 रन लिए। इससे पहले आईपीएल 2023 के दौरान भी संदीप शर्मा ने चेन्नई को आखिरी ओवर में 21 रन नहीं बनाने दिए थे। तब भी क्रीज पर महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा की जोड़ी मैदान पर थी। उस मुकाबले को राजस्थान रॉयल्स ने 3 रन से अपने नाम किया था। मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाए। नीतीश राणा ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके



अलावा कप्तान रियान पराग ने 28 गेंदों पर 37 रन की पारी खेली। जवाब में चेन्नई 6 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 44 गेंदों पर 63 रन की पारी खेली। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

**नीतीश राणा की पारी के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने किया चेन्नई को चित :** अनुभवी बल्लेबाज नीतीश राणा की शानदार पारी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर राजस्थान ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को छह रनों से हरा आईपीएल-2025 में जीत का खाता खोल लिया है। अपने दूसरे घर गुवाहाटी के बारसापरा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 182 रन बनाए थे। चेन्नई की टीम जवाब में छह विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। नीतीश राणा ने 36 गेंदों पर 10 चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 28 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेली। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने अर्धशतक जमाया। चेन्नई के कप्तान ने 44 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेली जिसमें सात चौके और एक छक्का मारा। चेन्नई को इस मैच में अच्छी शुरुआत नहीं मिली। अभी तक फेल होते आ रहे राजस्थान के तूफानी गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर रचिन रवींद्र को आउट कर दिया। वह खाता तक नहीं खोल सके। कप्तान गायकवाड़ ने राहुल त्रिपाठी के साथ मिलकर टीम को उभारने की कोशिश की। त्रिपाठी लय में लग रहे थे तभी वानिंदु हसारंगा की गेंद पर शिमरॉन हेटमायर ने उनका कैच लपक चेन्नई को दूसरा झटका दिया। वह 19 गेंदों पर 23 रन ही बना सके।

इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर टीम में आए शिवम दुबे 10 गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने एक चौका और दो छक्के मारे। पराग ने उनका शानदार कैच लपक राजस्थान को तीसरी सफलता दिलाई। ये विकेट भी हसारंगा के नाम गया। 11 साल बाद चेन्नई में वापसी कर रहे विजय शंकर छक्का मारने के बाद हसारंगा की गुगली को पढ़ नहीं पाए और बोल्ड हो गए। उन्होंने छह गेंदों पर नौ रन बनाए। गायकवाड़ विकेट पर टिके थे और शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था और टीम को जीत की तरफ ले जा रहे थे। हालांकि, एक बार फिर हसारंगा चेन्नई के लिए सिरदर्द बन गए और गायकवाड़ को आउट कर दिया। 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर गायकवाड़ ने उनका शिकार हो गए। कप्तान के जाने के बाद एमएस धोनी की एंट्री हुई। धोनी जब आए तो चेन्नई को जीत के लिए 24 गेंदों पर 54 रनों की जरूरत थी। धोनी और जडेजा ने लड़ाई लड़ी और टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। आखिरी ओवर में चेन्नई को जीत के लिए 20 रन चाहिए थे। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर धोनी बड़ा शॉट खेलने गए और डीप मिडविकेट पर हेटमायर ने उनका कैच लपका। धोनी एक चौका और एक छक्का मार 11 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद जडेजा ने काफी कोशिश की, लेकिन संदीप शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए राजस्थान को जीत दिलाई। जडेजा ने 22 गेंदों पर 32 रनों की पारी खेली जिसमें दो चौके और एक छक्का मारा। राजस्थान के लिए हसारंगा ने चार विकेट लिए। संदीप शर्मा और आर्चर को एक-एक सफलता मिली। राजस्थान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी। खलील अहमद ने पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर यशस्वी जायसवाल को आर अश्विन के हाथों कैच करा दिया। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज चार रन ही बना सके। संजू सैमसन भी बड़ी पारी नहीं खेल सके और 16 गेंदों पर 20 रन बनाकर नूर अहमद का शिकार हो गए।

राणा और संजू के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। फिर राणा को पराग का साथ मिला और दोनों ने मिलकर टीम का स्कोर 124 तक पहुंचा दिया। राणा शतक के करीब जाते दिख रहे थे लेकिन अश्विन की चतुराई ने उन्हें धोनी के हाथों स्टम्प करा दिया। राणा ने अश्विन की गेंद को निकलकर मारने की कोशिश की जो अश्विन को दिख गया और उन्होंने वाइड गेंद फेंक दी जिस पर धोनी ने उनको स्टम्प कर दिया। राणा के आउट होने के बाद राजस्थान की पारी बिखर गई। नूर अहमद ने ध्रुव जुरैल को आउट किया जो तीन रन ही बना सके। हसारंगा चार रन बनाकर आउट हो गए। रियान पराग को तीक्षणा ने अपनी यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया। जोफ्रा आर्चर को खलील ने खाता नहीं खोलने दिया। इम्पैक्ट प्लेयर बनकर आए कुमार कार्तिकेय एक रन बनाकर ही रन आउट हो गए। हेटमायर ने कुछ कोशिश की, लेकिन 16 गेंदों पर 19 रन बनाकर आखिरी ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गए। चेन्नई की तरफ से खलील, नूर अहमद और पथिराना ने दो-दो विकेट लिए। अश्विन और जडेजा के हिस्से एक-एक विकेट आया।

**11 साल बाद चेन्नई में लौटते ही इस खिलाड़ी ने तोड़ा अश्विन का बड़ा रिकॉर्ड :** आईपीएल-2025 में चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दो बड़े बदलाव किए। इसी के साथ आर अश्विन

■ चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हराया

का एक बड़ा रिकॉर्ड भी टूट गया। चेन्नई ने इस मैच में इंग्लैंड के जेमी ओवरटन को टीम में जगह दी। इसके अलावा विजय शंकर को भी टीम में मौका दिया। ये शंकर ही हैं जिन्होंने आते ही अश्विन का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाए। नीतीश राणा ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके अलावा कप्तान रियान पराग ने 28 गेंदों पर 37 रन की पारी खेली। जवाब में चेन्नई 6 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी।**

चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सैम करन को टीम ने बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं दीपक हुड्डा को भी बाहर कर दिया। इन दोनों की जगह ही ओवरटन और विजय शंकर आए। ओवरटन को चेन्नई ने 1.5 करोड़ में खरीदा था तो वहीं शंकर को 1.2 करोड़ में खरीदा था। ये पहली बार नहीं है जब शंकर चेन्नई की टीम का हिस्सा बने हैं।

इससे पहले वह साल 2014 में इस टीम के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने एक ही मैच खेला था और ये मैच भी राजस्थान के खिलाफ खेला था। ये उनका आईपीएल डेब्यू था। लेकिन इसके बाद वह चेन्नई से बाहर कर दिए गए और फिर इस साल उन्होंने वापसी की। यानी 11 साल बाद शंकर की चेन्नई में वापसी हुई है। अश्विन भी इस सीजन चेन्नई में लौटे हैं और नौ साल बाद दोबारा पीली जर्सी में दिखे हैं। अश्विन 2016 तक चेन्नई में थे और फिर पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में खेले थे। शंकर की 3,974 दिनों बाद वापसी चेन्नई में वापसी हुई है। वहीं अश्विन 3, 591 दिन बाद वापस लौटे थे। राजस्थान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट खोकर 182 रन बनाए। एक समय लग रहा था कि राजस्थान बड़ा स्कोर अपने नाम करेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जब तक नीतीश राणा विकेट पर थे तब तक रनों की बारिश हो रही थी, लेकिन जैसे ही वह आउट हुए राजस्थान का पतन हो गया। नीतीश ने 36 गेंदों पर 10 चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। रियान पराग ने 28 गेंदों पर 37 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और दो छक्के मारे।

**अक्षर पटेल की फुर्ती देखकर हिल जाएगा दिमाग :** कैच पकड़ो, मैच जीतो, ऐसा ही कुछ दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में कर दिखाया है। हैदराबाद की टीम को दिल्ली ने 7 विकेट से धूल चटाई और सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जबकि पैट कमिंस की अगुआई वाली हैदराबाद की टीम को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में दिल्ली की गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग शानदार रही। मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने एक ऐसा कैच लपका, जिसकी चर्चा इतनी हो रही है कि उसे अभी से माना जाने लगा है कि ये आईपीएल 2025 का बेस्ट कैच होगा।

दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से जेक फ्रेजर का कैच आपने देखा होगा। उसके बाद दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने भी ऐसा कैच लपका, जिसे देखकर दांतों तले उंगलियां दबाने पर लोग मजबूर हो गए। अक्षर ने एक ऐसा कैच लपका जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही है। अक्षर के इस कैच को अभी से आईपीएल 2025 का बेस्ट कैच कहा जाने लगा है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर अक्षर का ये कैच आप देखेंगे तो आपका भी दिमाग दिल जाना लाजमी है। आप कहेंगे कि भला ये कोई सुपरमैन की मूवी चल रही है या कोई मैच का नजारा है। ये कैच अक्षर पटेल ने लिया, जो कि पारी के 19वें ओवर का रहा। जब सनराइजर्स हैदराबाद के विकेट लगातार गिर रहे थे तो हर्षल पटेल को मिचेल ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान हर्षल 9 गेंद पर 5 रन ही बना सके। हर्षल ने स्टार्क की गेंद को एक्स्ट्रा कवर की दिशा में खेला। गेंद हवा में तैरती हुई जा रही थी, लेकिन अक्षर ने शानदार डाइव लगाई और दोनों हाथों से इस कैच को लपक लिया। ये कैच देखकर हर कोई अक्षर का दीवाना हो गया। आईपीएल 2025 के 10वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से धूल चटाई। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पहले बैटिंग करते हुए 18.4 ओवर में 163 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली के गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट लेकर हैदराबाद की कमर तोड़कर रख दी। कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। वहीं, इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने 16 ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया। ये दिल्ली की लगातार मौजूदा सीजन की दूसरी जीत रही, जबकि हैदराबाद की टीम की लगातार दूसरी हार। दिल्ली की टीम की तरफ से फाफ डुप्लेसिस ने 50 रन बनाए।

**बारसापरा में धोनी का स्वैग से स्वागत :** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 11वें मुकाबले में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से हुआ। गुवाहाटी के बारसापरा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच से पहले चेन्नई के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सम्मानित किया गया।

आईपीएल की गवर्निंग बॉडी बीसीसीआई से यह सम्मान पाने वाले दूसरे क्रिकेटर बन गए हैं। इससे पहले विराट कोहली को भी सम्मानित किया गया था।

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को एक विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने धोनी को यह सम्मान दिया। आईपीएल ने अपने एक्स पर इस सम्मान का वीडियो शेयर किया है।

# धीमी ओवर गति के लिए मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर लगाया गया जुर्माना

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



अहमदाबाद,। मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या पर शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।

हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मुंबई के गेंदबाज निर्धारित समय में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 20 ओवर नहीं फेंक पाए थे। इससे पहले हार्दिक पांड्या को आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ओवर-रेट के चलते इस सीजन में एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा था। वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। पांच बार की चैंपियन टीम उनकी अनुपस्थिति में संघर्ष करती रही, सीएसके के खिलाफ अच्छा स्कोर बनाने में सफल नहीं हुई और मैच में चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 में यह पहली बार है जब किसी कप्तान पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। वहीं, मैच में मुंबई इंडियंस को शनिवार को सीजन की दूसरी हार का सामना करना पड़ा। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस पर 36 रनों की शानदार जीत हासिल की। टाइटंस ने पूरी टीम के साथ अच्छा प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 36 रनों से हराया और आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की।

# रजनीश सेठी ने किया लखनऊ में पवित्रा ज्वेल्स का उद्घाटन



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी के मदन मोहन मालवीय मार्ग पर स्थित यूपी सेतु भवन के ठीक सामने पवित्रा ज्वेल्स के भव्य शोरूम का उद्घाटन हुआ । एक हजार स्क्वायर फीट एरिया में बने इस शोरूम का उद्घाटन दिनांक 30 मार्च 2025 को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे श्री रजनीश सेठी (सेक्रेटरी, लखनऊ गोल्फक्लब) द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अत्याधुनिक शोरूम की नींव रखनी वाली पवित्रा ज्वेल्स की ओनर पवित्रा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और उन्होंने बताया कि यह शोरूम टिकाऊ, उच्च गुणवत्ता वाला स्वरोस्की ूतवओप शानदार संग्रह पेश करके लक्जरी ज्वैलरी शॉपिंग को परिभाषित करने के लिए तैयार किया गया है। लखनऊ और आस पास के लोग यहां आकर एक खास अनुभव प्रदान करेंगे। नवरात्रि का प्रथम दिन किसी भी कार्य अथवा व्यापार करने के लिए शुभ माना जाता है। इस प्रथम दिन उद्घाटन के विशेष अवसर पर पवित्रा ज्वेल्स शोरूम ने ग्राहकों के लिए एक विशेष चौंकाने वाला ऑफर निकाला है। इस उद्घाटन ऑफर में पवित्रा ज्वेल्स ने खरीदारी करने पर अपने ग्राहकों को दस प्रतिशत तक की भारी छूट दी।

पवित्रा ज्वेल्स शोरूम ने डिजाइनर आर्ट ज्वेलरी को जगह दी है और अपने ग्राहकों के लिए अपनी माला सेक्शन नाम से एक अनोखा और रोमांचक अनुभव भी तैयार किया है। इस सेक्शन में ग्राहक अपने स्वयं के माला डिजाइन कर सकते हैं और तुरंत अपने स्वयं के पेंडेंट के साथ बीडेड नेकपीस प्राप्त कर सकते हैं। पवित्रा ज्वेल्स के अनुभवी डिजाइनर ग्राहकों की पसंद का ख्याल रखते हुए उनकी सहायता करेंगे पवित्रा ज्वेल्स शोरूम के डिजाइनर आर्ट ज्वेलरी संग्रह में ग्राहकों को मिलेगा एक अनोखा और आकर्षक मिश्रण 925 सिल्वर, सेमी-प्रेशियस और कॉपर बेस्ड ज्वेलरी जो सेमी-प्रेशियस स्टोंस के साथ जड़ी हुई है। शोरूम के ज्वेलरी डिजाइनरों ने अपनी कला और कौशल का उपयोग करके इन ज्वेलरी पीसों को बनाया है, जो न केवल ग्राहकों की सुंदरता को बढ़ाएंगे बल्कि उनके व्यक्तित्व को भी दर्शाएंगे।

ज्वेल्स के 925 सिल्वर ज्वेलरी में आपको मिलेगा एक उच्च गुणवत्ता वाला सिल्वर जो न केवल मजबूत है बल्कि आकर्षक भी है। साथ ही सेमी-प्रेशियस ज्वेलरी में ग्राहकों को मिलेगा एक अनोखा मिश्रण रंगों और डिजाइनों जो उन्हें अलग बनाएंगे। साथ ही कॉपर बेस्ड ज्वेलरी में मिलेगा एक आकर्षक और मजबूत ज्वेलरी जो दैनिक जीवन में इस्तेमाल कर सकते हैं। और सेमी-प्रेशियस पत्थरों में ग्राहकों के लिए खास है एक अनोखा मिश्रण रंगों और चमक जो ज्वेलरी को और भी आकर्षक बनाएंगे।

# खाद्य पदार्थों को सेंस करने में किया जा सकता है चैटजीपीटी का उपयोग : अध्ययन

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**




**नयी दिल्ली।** एक अध्ययन के अनुसार, चौटजीपीटी का उपयोग खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से ब्राउनीज के सेंसरी मूल्यांकन में किया जा सकता है, जो नए उत्पादों के विकास को सरल बना सकता है और रेसिपी को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस अर्बाना-शैम्पेन के शोधकर्ताओं ने 15 विभिन्न ब्राउनी रेसिपी पर अध्ययन किया, जिनमें सामान्य सामग्री की सूची से लेकर असामान्य संयोजन शामिल थे, जैसे मिलवर्म पाउडर और मछली का तेल। अध्ययन के लेखक डेमिर टोरिको, जो खाद्य विज्ञान और मानव पोषण विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं, ने चौटजीपीटी को रेसिपी फॉर्मूला दिए और उसे प्रत्येक ब्राउनी की सेंसरी विशेषताओं का वर्णन करने के लिए कहा, जिसमें स्वाद, बनावट और समग्र आनंद शामिल थे। टोरिको ने फिर चौटजीपीटी की प्रतिक्रियाओं के विषयों को वर्गीकृत किया ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि वे सकारात्मक, नकारात्मक या निरपेक्ष थे। जर्नल फूड्स में प्रकाशित अध्ययन में टोरिको ने कहा, कभी-कभी, ह्युमन टेस्टर्स पर निर्भर रहना प्रक्रिया को धीमा कर सकता है, खासकर जब एक साथ कई उत्पादों के नमूनों का मूल्यांकन करना हो। सेंसरी पैनल को समय और सावधानी से समन्वय की आवश्यकता होती है, और कुछ मामलों में, कुछ सामग्री खाद्य-ग्रेड नहीं हो सकती हैं, जिससे उनका स्वाद चखना असंभव हो सकता है। इसी कारण, बड़े भाषा मॉडल जैसे चौटजीपीटी को संवेदी मूल्यांकन (सेंसरी इवैलुएशन) के लिए विचार किया जा रहा है। यह संभव है कि ऐसे मॉडल बनाए जाएं जो मानव प्रतिक्रियाओं की नकल हों। चौंकाने वाली बात यह थी कि चौटजीपीटी की प्रतिक्रियाएं अत्यधिक सकारात्मक थीं, यहां तक कि उन रेसिपीज के लिए भी जो असामान्य सामग्री के साथ थीं। यह सकारात्मकता वैज्ञानिकों द्वारा हेडोनिक असमेट्री के नाम से जाने जाने वाले मानसिक सिद्धांत के अनुरूप है। हेडोनिक असमेट्री का मतलब है कि लोग (और जाहिर तौर पर एआई भी) उन चीजों को अधिक सकारात्मक रूप से वर्णित करते हैं जो उनके लिए लाभकारी होती हैं। टोरिको ने समझाया, खाद्य पदार्थ हमारी भूख को शांत करने और हमें ऊर्जा देने का काम करते हैं, जिसके कारण मनुष्य भोजन के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाता है।

चैटजीपीटी की मानव जैसी प्रतिक्रिया इस व्यवहार को प्रदर्शित करती है। टोरिको ने कहा, चौटजीपीटी हमेशा चीजों के अच्छे पक्ष को देखने की कोशिश कर रहा था। एआई का उपयोग सामान्य दृष्टिकोण देने में मदद कर सकता है कि कौन से उत्पादों को आगे के परीक्षण के लिए विचार किया जा सकता है और कौन से उत्पाद लंबे प्रक्रिया से नहीं गुजरने चाहिए, टोरिको ने कहा। ष्मुझे लगता है कि चौटजीपीटी को संवेदी मूल्यांकन के लिए विकसित किया जा सकता है।

# मास्क पहनकर कॉफी डेट पर पहुंचीं रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना का फिल्म करियर इन दिनों बुलंदियों पर है। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 जैसी हिट फिल्म के बाद वह सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में नजर आई हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ रोमांस करने का मौका रश्मिका को मिला। असल जिंदगी में भी रश्मिका के रोमांस और डेटिंग लाइफ की काफी चर्चा है। इन दिनों वह अकसर अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ देखी जाती हैं। हाल ही में दोनों को कॉफी डेट पर साथ देखा गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक कॉफी हाउस में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को देखा गया। दोनों कॉफी डेट पर थे। इस जगह पर कुछ पैपराजी पर भी पहुंच गए। पैपराजी को देख रश्मिका, विजय से अलग हो गई और दूसरे रास्ते की तरफ चली गई। विजय देवरकोंडा जरूर पैपराजी के सामने से निकले, लेकिन उन्होंने अपना मास्क नहीं उतारा और अपनी गाड़ी में बैठकर चले गए। कुछ देर बाद दूसरे रास्ते से रश्मिका भी बाहर आई।



एक्ट्रेस ने मास्क उतारकर पैपराजी को फोटो पोज दिए। इसके बाद वह भी अपनी गाड़ी से चली गई। काफी समय से विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना को डिनर डेट, कॉफी डेट पर देखा जा रहा है। लेकिन अब तक दोनों ने अपने रिश्ते को खुलकर स्वीकारा नहीं किया है। सलमान खान की 'सिकंदर' के बाद रश्मिका कुछ और फिल्में भी कर रही हैं। वह दक्षिण भारतीय फिल्म 'कुबेरा' और 'द गर्लफ्रेंड' में नजर आएंगी। वहीं हिंदी फिल्म 'थामा' में भी रश्मिका अभिनय करेंगी, इस फिल्म में आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। बता दें कि अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों थामा की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने फिल्म के सेट से बताया कि निर्देशक आदित्य सरपोतदार जानते हैं कि सही शब्दों का इस्तेमाल करके वह अभिनेत्री को खुश कर सकते हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में निर्देशक आदित्य सरपोतदार एक प्लास्टिक की कुर्सी पर बैठे हुए शूटिंग के दौरान स्क्रीन पर देखते हुए नजर आ रहे हैं। रश्मिका ने इस तस्वीर के साथ लिखा कि मेरे निर्देशक, हर बार मुझे रात की शूटिंग करने पर मजबूर करते हैं-आइस बकेट, मेरी जिंदगी की कहानी। तस्वीर में एक प्लास्टिक की बाल्टी है, जिस पर आइस बकेट लिखा हुआ था और रश्मिका ने इसे मजाकिया अंदाज में मेरी जिंदगी की कहानी कहकर, बार-बार रात की शूटिंग को लेकर हल्की शिकायत की। पोस्ट को रि-शेयर करते हुए, निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने लिखा-जहां आम लोग रात से डरते हैं, वहीं वैंपायर अपनी शक्ति पाते हैं। रश्मिका ने इसका जवाब देते हुए लिखा-स्मार्ट शब्द। बिल्कुल पता है कि थामा (वैंपायर) को खुश कैसे किया जाए। फिल्म थामा एक इतिहासकार की कहानी पर आधारित है, जो प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करता है और स्थानीय वैंपायर किंवदंतियों के बारे में सच्चाइयों का खुलासा करता है। हाल ही में, रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम पर जो चीजें उन्हें पसंद हैं, इस पर एक मजेदार सीरीज भी शुरू की थी। एक वीडियो में उन्होंने अपने पसंदीदा आम का आनंद लिया और अपनी खुशी को व्यक्त किया।

वीडियो के साथ उन्होंने लिखा-कोई मुझे वो चीजें करने से नहीं रोक सकता, जिन्हें मैं पसंद करती हूं! पार्ट-1। रश्मिका की आगामी फिल्म सिकंदर ईद पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगादॉस ने किया है और इसमें बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान मुख्य भूमिका में हैं।

वहीं दूसरी ओर रश्मिका मंदाना को अपने कॉलेज के दिनों की याद आ गई, जब आखिरी समय की हड़बड़ी के कारण उन्हें खुद ही अपने बाल और मेकअप करने पड़े। एनिमल अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, कभी कभी, बस कभी-कभी चीजें आखिरी मिनट में होती हैं और मुझे खुद ही हेयर मेकअप स्टाइल करना पड़ता है और अपने सबसे अच्छे दोस्त से मेरी तस्वीरें लेने के लिए कहना पड़ता है। इसका अंत इस तरह होता है। मुझे यह पसंद है। यह मुझे पूरी तरह से कॉलेज के दिनों में वापस ले जा रहा है। रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीर शेयर की। साड़ी में अभिनेत्री बेहद खूबसूरत लग रही थी। रश्मिका मंदाना सलमान खान की अगली फिल्म सिकंदर में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म निर्माताओं ने पहला गाना जोहरा जबीन रिलीज किया। सलमान खान और रश्मिका मंदाना को फराह खान की कोरियोग्राफी पर डांस नंबर पर परफॉर्म करते हुए देखा गया। ट्रैक की बीट्स प्रीतम ने तैयार की है। इस गाने को नक्श अजीज और देव नेगी ने अपनी मधुर आवाज में गाया है, जबकि इसके बोल समीर और दानिश सबरी ने लिखे हैं।सकंदर 2023 की फिल्म टाइगर 3 के बाद सलमान खान की बड़े पर्दे पर वापसी है। इस फिल्म का निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस ने किया है, जो गजनी के लिए प्रसिद्ध हैं।

सिकंदर में सलमान खान और रश्मिका मंदाना के साथ, काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी हैं। सिकंदर फिल्म के साथ सलमान खान और निर्माता साजिद नाडियाडवाला 2014 की ब्लॉकबस्टर किक के बाद एक बार फिर साथ आए हैं।

असल जिंदगी में भी रश्मिका के रोमांस और डेटिंग लाइफ की काफी चर्चा है। इन दिनों वह अकसर अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ देखी जाती हैं। हाल ही में दोनों को कॉफी डेट पर साथ देखा गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक कॉफी हाउस में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को देखा गया।

सिकंदर ईद के दिन 31 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रश्मिका मंदाना के पास शेखर कम्मुला की कुबेर भी है, जिसमें उनके सह-कलाकार धनुष हैं। इसके अलावा, उन्हें आयुष्मान खुराना के साथ आदित्य सरपोतदार की फिल्म थामा में भी लिया गया है। अपनी हालिया रिलीज 'छावा' की सफलता का लुत्फ उठा रहीं अभिनेत्री रश्मिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने प्रशंसकों को रात भर शूटिंग के बाद भोर में किए अपने नाश्ते की झलक दिखाई, जो उनके नाइट शूट या रात में किए अथक मेहनत को और भी खास बना देता है।'छावा' की सफलता के बाद अभिनेत्री अब सलमान खान स्टारर 'सिकंदर' की शूटिंग में लगी हुई हैं। रश्मिका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दोने से भरी एक ट्रे की तस्वीर शेयर की, जिसमें दो मिनट के इंस्टेंट नूडल्स भरे हुए थे। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमारे 4 बजे का स्नैक। यह हमारी नाइट शूट को और भी बेहतर बनाता है। रश्मिका ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर कर बताया था कि वह 'सिकंदर' की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वह एक एक्टर के अस्त-व्यस्त जीवन में वापस आ चुकी हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर उल्लेख किया कि वह 'सिकंदर' की नाइट शूट में व्यस्त हैं। उन्होंने कोरियाई अंदाज में दिल बनाती एक तस्वीर भी शेयर की। कैप्शन में लिखा, 'सिकंदर' नाइट शूट। मुझे लगता है कि मैं एक अभिनेता के तौर पर इस व्यस्त समय में वापस आ चुकी हूं। सिकंदर ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया था, जिसमें सलमान खान अलग अंदाज में नजर आए थे। इसमें अभिनेता लाल और हरे रंग की लाइटिंग के बीच बेलौस नजर आ रहे थे तो क्लोजअप में गुस्से से भरपूर! पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा था, सिकंदर ईद पर आ रहा है। इससे पहले जानकारी आई थी कि 'सिकंदर' के साथ अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर भी रिलीज होगा। निर्माता सलमान खान के 'सिकंदर' का टीजर बीते साल दिसंबर में जारी कर चुके हैं, जिसमें अभिनेता धमाकेदार एक्शन से भरे अंदाज में नजर आए। निर्माताओं ने हाल ही में जानकारी दी थी कि 'सिकंदर' के साथ 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर भी जारी होगा। 'सिकंदर' और 'हाउसफुल 5' दोनों ही फिल्मों का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है।

:: नेशनल डेस्क

## बॉलीवुड फिल्मों की रि-रिलीज को रणदीप हुड्डा ने बताया भेड़चाल

एक्टर रणदीप हुड्डा जल्द ही फिल्म जाट में नजर आएंगे, जिसके लिए वो दिन रात मेहनत कर रहे हैं। अपनी इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त रणदीप अक्सर किसी न किसी बयान को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फिल्मों के रि-रिलीज होने पर निशाना साधा है और कहा कि वे इसे भेड़चाल मानते हैं। दरअसल, रणदीप हुड्डा हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान उनसे पूछा गया कि रि-रिलीज फिल्में बॉक्स ऑफिस पर क्यों अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा, मैं इसे भेड़ चाल मानता हूं। यह एक सोशल मीडिया ट्रेंड जैसा बन गया है। एक या दो फिल्में रि-रिलीज के बाद अच्छी चल गईं, इसका मतलब यह नहीं है कि सभी फिल्में अच्छी चलेंगी। अगर किसी एक जॉनर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है, तो उसके बाद सभी उसी तरह की फिल्में बनाने लगते हैं, जैसे अब स्त्री के बाद सभी हॉरर कॉमेडी फिल्में बनाने लग रहे हैं। रणदीप ने आगे कहा, एक एक्टर के तौर पर मुझे नहीं लगता कि यह मापदंड होना चाहिए। इंडस्ट्री कई कारणों से संकट का सामना कर रही है। अब ज्यादा फिल्में नहीं बन रही हैं, बल्कि उनका कार्यान्वयन हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा, अब एक्सपेरिमेंट ओटीटी पर ही संभव है। :: एजेंसी

## उबले चावल से बनाएं बेहतरीन हेयर मास्क

लम्बे, घने और खूबसूरत बाल हर किसी की चाहत होती है। इसके लिए हम अक्सर महंगे हेयर ट्रीटमेंट्स और उत्पादों की तलाश में रहते हैं, लेकिन कभी-कभी साधारण घरेलू उपाय भी चमत्कार कर सकते हैं।



उबले हुए चावल, जो कि पोषण का एक बेहतरीन स्रोत है, को विभिन्न सामग्रियों के साथ मिलाकर एक प्रभावी हेयर पैक तैयार किया जा सकता है। इस लेख में जानिए कि कैसे उबले चावल और अन्य सामग्रियों के साथ मिलकर आप अपने बालों को खूबसूरत और मजबूत बना सकते हैं। मेथी दाने को रात भर भिगोकर रख दें। ये बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने और डेंड्रफको कम करने में मदद करते हैं। चुकंदर का रस न केवल बालों को पोषण देता है, बल्कि इससे उन्हें एक शानदार रंग भी मिलता है। एलोवेरा में मौजूद पोषक तत्व बालों को हाइड्रेट करते हैं और उन्हें शाइनिंग देते हैं। एक रात पहले थोड़े से मेथी दाने को भिगो दें। भीगे हुए मेथी के बीजों और उबले हुए चावल को मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें। अब इसमें चुकंदर का रस और ताजा एलोवेरा जेल मिलाएं। इस मिश्रण को अपने बालों पर मेहंदी की तरह लगाएं। लगभग 1 घंटे तक इसे बालों में रहने दें।एक घंटे बाद, बालों को साफपानी से धो लें और सही तरीके से कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

बालों की ग्रोथ यह पैक बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद करता है। हेयर फॉल में कमी नियमित उपयोग से हेयर फॉल रोकने में मदद मिलती है। मजबूती और शाइन बालों को मजबूती और प्राकृतिक चमक देने में सहायक है। लंबे और मजबूत बालों के लिए यह पैक एक सरल और प्रभावी उपाय है। सप्ताह में दो बार इसे इस्तेमाल करके आप अपने बालों की लंबाई और मजबूती में सुधार कर सकते हैं। :: लोकल डेस्क

## इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद रणवीर ने शुरू किया 'नया अध्याय', बोले- 'पुनर्जन्म'



इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में विवादित टिप्पणी कर आलोचनाओं में घिरे यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया ने दूसरा मौका देने के लिए यूनिवर्स को धन्यवाद दिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर रणवीर ने इसे अपना 'पुनर्जन्म' बताया। इंस्टाग्राम पर कुल पांच तस्वीरें शेयर करते हुए इलाहबादिया ने कैप्शन में लिखा, मेरे प्रियजनों को धन्यवाद, यूनिवर्स को धन्यवाद। एक नया अध्याय शुरू होता है -पुनर्जन्म। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर अपने परिवार, पेट (पालतू जानवर), दोस्तों और क्रू मेंबर्स की तस्वीरें शेयर कीं। रणवीर की पोस्ट पर उनके प्रशंसकों के साथ ही फिल्म जगत के सितारे भी नई शुरुआत के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते नजर आए। कमेंट सेक्शन में अभिनेता अभय देओल ने ताली बजाने वाले इमोजी डाले। टीवी अभिनेता नकुल मेहता ने रणवीर की हौसला अफजाई करते हुए लिखा, गो बीयर बाइसेप्स। इससे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर रणवीर अपनी अभद्र टिप्पणी को लेकर दो बार माफी मांग चुके हैं। रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने इस शर्त पर अपने पॉडकास्ट को फिर से शुरू करने की अनुमति दी कि वह शालीनता और नैतिकता के मानकों को बनाए रखेंगे। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहले की एक शर्त में ढील दी, जिसके तहत इलाहाबादिया या उनके सहयोगियों को अगले आदेश तक यूट्यूब या संचार के किसी अन्य ऑडियो,वीडियो विजुअल मोड पर कोई भी शो प्रसारित करने से रोक दिया गया था। विवाद के बीच समय रैना ने यूट्यूब से शो के सभी वीडियो हटा दिए और कहा था कि उनका इरादा केवल मनोरंजन करना और लोगों को हंसाना था। कॉमेडी शो में पेरेंट्स पर अश्लील और आपत्तिजनक कमेंट करने के मामले में लोकप्रिय यूट्यूबर्स समय रैना, रणवीर इलाहाबादिया, आशीष चंचलानी और अपूर्व मुखीजा के खिलाफकानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कई शिकायतें दर्ज की गई हैं। साइबर सेल और मुंबई पुलिस रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर की गई टिप्पणी के संबंध में जांच कर रही है। :: एजेंसी

## केबीसी के अगले सीजन की तैयारियां शुरू

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि श्कौन बनेगा करोड़पतिश् के अगले सीजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और श्पहला कदम प्रोमो है। अभिनेता ने अपने ब्लॉग पर लिखा, काम ही व्यक्ति के भाग्य का निर्धारक है और अगले सीजन के लिए शो की तैयारियां पूरी गंभीरता से शुरू हो गई हैं, इसलिए पहला कदम रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रण का प्रोमो होगा। उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट पर तीन तस्वीरें भी साझा कीं। एक तस्वीर में वह सोफे पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उन्होंने बताया कि किस तरह वह फिल्म या सीरीज देखते हुए पूरी तरह तल्लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सभी के साथ होता है या सिर्फमेरे साथ होता है। जब हम कोई फिल्म या टीवी सीरीज देखते हैं, तो उसमें तल्लीनता का प्रतिशत इतना बड़ा होता है कि कुछ समय बाद आप फिल्म के किरदार की तरह बनने और व्यवहार करने लगते हैं। अभिनेता ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स, जिन्हें वह प्यार से अपना विस्तृत परिवार कहते हैं, उन्हें चौत्र सुखलदी, गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद उल फित्तर की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर की बधाई सभी को खुशी और आनंद प्रदान करने वाली हो। सऊदी के कुछ हिस्सों में चांद देखा गया है और इस त्यौहार के दिन की शुभकामनाएं। इन सभी उत्सवों के संगम में ऐसी शानदार भावनाएं हैं जो पूरी मानवता में फैलती हैं। हम सभी को अप्रतिबंधित एकजुटता की भावना देती हैं। मेगास्टार ने 24 मार्च को लोगों की जान बचाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया। इस सहयोग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पूरे देश में जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। यह सहयोग मंत्रालय के चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान का हिस्सा है, जिसमें बिग बी लोगों से सड़कों पर अधिक जागरूक और जिम्मेदार होने का आग्रह कर रहे हैं। यह अभियान यातायात नियमों के पालन के महत्व तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। :: एजेंसी

## बॉडीकॉन गाउन में सपना चौधरी का शानदार फोटोशूट

सपना चौधरी, जो कि हरियाणा की डांसिंग क्वीन है, सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैंस को अपने गानों और अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की अपडेट्स देती रहती हैं। हाल ही में सपना ने अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो अब काफी वायरल हो रही हैं। सपना ने अपनी इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्लैक सिल्क बॉडीकोन गाउन में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वह बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सपना ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दिए और अपनी खूबसूरती से फैंस का दिल छू लिया। इन फोटोज में सपना का लुक ग्लोसी मेकअप, खुले कर्ली बाल और कातिल अदाओं से पूरी तरह से पूरा हुआ है। सपना की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, और अब तक उन्हें हजारों लाइक्स मिल चुके हैं। :: एजेंसी

# प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### पश्चिम बंगाल के

किया। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, यदि स्थिति नियंत्रण में होती तो तनाव वाले स्थानों से दूर बैरिकेड्स लगाकर विपक्षी पार्टी के नेताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता। शुभेंदु अधिकारी ने पिछले सप्ताह राज्यपाल सीवी आनंद बोस को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने उनसे अनुरोध किया था कि वे राज्य सरकार को निर्देश दें कि स्थिति नियंत्रण में आने तक मोथाबाड़ी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को तैनात किया जाए। इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार रविवार को मोथाबाड़ी का दौरा करेंगे और प्रभावित हिंदू परिवारों के सदस्यों से बात करेंगे। तनाव वाले स्थानों के आसपास पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं, संभवतः मजूमदार और उनके साथियों को अशांत क्षेत्र में जाने से रोकने के लिए।

जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तनाव को फिर से भड़कने से रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा नेतृत्व ने इस मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग करते हुए इस सप्ताह कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### प्रधानमन्त्री बनने के

शक्ति प्राप्त करते हैं। इन दो महान लोगों को श्रद्धांजलि देना सम्मान की बात है, जिन्होंने एक मजबूत, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली भारत की कल्पना की थी। अपने नागपुर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला भी रखी। पीएम मोदी के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत अन्य नेता भी मौजूद थे।

### देश के अलग

पीएम मोदी ने कहा, मेरे युवा साथियों, मैं आज आपसे माई-भारत के उस खास कैलेंडर की भी चर्चा करना चाहूंगा, जिसे इस समर वैकेशन के लिए तैयार किया गया है। इस कैलेंडर की एक कॉपी अभी मेरे सामने रखी हुई है। मैं इस कैलेंडर से कुछ अनूठे प्रयासों को साझा करना चाहता हूं। जैसे माई-भारत के स्टडी टूर में आप ये जान सकते हैं कि हमारे 'जन औषधि केंद्र' कैसे काम करते हैं। आप वाइब्रेंट विलेज अभियान का हिस्सा बनकर सीमावर्ती गांवों में एक अनोखा अनुभव ले सकते हैं। इसके साथ ही वहां कल्चर और स्पोर्ट्स एक्टिविटी का हिस्सा जरूर बन सकते हैं। वहीं अंबेडकर जयंती पर पदयात्रा में भागीदारी कर आप संविधान के मूल्यों को लेकर जागरूकता भी फैला सकते हैं। पीएम मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में टेक्सटाइल वेस्ट पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप सोच रहे होंगे, ये टेक्सटाइल वेस्ट क्या नई बला आ खड़ी हुई है। टेक्सटाइल वेस्ट पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। आजकल दुनियाभर में पुराने कपड़ों को जल्द-से-जल्द हटाकर नए कपड़े लेने का चलन बढ़ रहा है। क्या आपने सोचा है कि जो पुराने कपड़े आप पहनना छोड़ देते हैं, उनका क्या होता है? यही टेक्सटाइल वेस्ट बन जाता है। इस विषय में बहुत सारी ग्लोबल रिसर्च हो रही है। एक रिसर्च में यह सामने आया है, सिर्फएक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है। एक प्रतिशत से भी कम! भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा टेक्सटाइल वेस्ट निकलता है। यानी हमारे सामने भी बहुत बड़ी चुनौती है। पीएम मोदी ने फिटनेस पर भी बात की। पीएम मोदी ने कहा, योग दिवस आने में अब 100 दिन से भी कम समय बचा है। अगर आपने अभी तक योग को अपने जीवन में शामिल नहीं किया है तो अभी करें, अभी भी देर नहीं हुई है। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 साल पहले 21 जून 2015 को मनाया गया था। अब यह दिन योग के एक भव्य उत्सव का रूप ले चुका है। योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है। हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स' में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए पीएम ने कहा, मैं खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा, तमिलनाडु और यूपी के खिलाड़ियों को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इन खेलों के दौरान हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाए, जिनमें से 12 तो हमारी महिला खिलाड़ियों के नाम रहे। पीएम मोदी ने एक रैपर पर भी बात की। उन्होंने कहा, मशहूर रैपर हनुमानकाइंड को तो आप सभी जानते ही होंगे। आजकल उनका नया गाना ÷रन इट अप÷ काफी फेमस हो रहा है। इसमें कलारिपयट्टू, गतका और थांग-ता जैसी हमारी पारंपरिक मार्शल आर्ट को शामिल किया गया है। मैं हनुमानकाइंड को बधाई देता हूं कि उनके प्रयास से हमारी पारंपरिक मार्शल आर्ट के बारे में दुनिया के लोग जान पा रहे हैं।

### ओडिशा में बड़ा

कुछ ट्रेनों को डायवर्ट किया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि राहत कार्य पूरा होने के बाद प्रभावित मार्ग को बहाल कर दिया जाएगा। इस हादसे के कारण यात्रियों को कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन रेलवे हर संभव मदद पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। भारत में ट्रेन हादसे कोई नई बात नहीं हैं। इससे पहले भी कई बार रेलवे दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें से कई जानलेवा साबित हुई हैं। हालांकि, इस बार प्रशासन की तत्परता के कारण यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और रेलवे अधिकारियों द्वारा दी जा रही जानकारी पर ध्यान दें। यात्रियों के परिजन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर अपने प्रियजनों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### बीजापुर में 50

शामिल हैं, वे सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं, ताकि वे शांति से जी सकें। डीआईजी सीआरपीएफदेवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि बीजापुर पुलिस, सीआरपीएफ डीआरजी और एसटीएफ द्वारा किए गए लगातार नक्सल विरोधी अभियानों ने नक्सलियों के मनोबल को तोड़ने में मदद की है। उनके अनुसार, जैसे-जैसे माओवादी विचारधारा का मोहभंग हो रहा है और स्थानीय लोगों में सरकार की योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, आत्मसमर्पण की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। नेगी ने यह भी कहा कि सरकार ने सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया है, जिससे स्थानीय लोगों का माओवादी संगठन से मोहभंग हुआ है और वे मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण कर रहे हैं। नेगी ने कहा कि यह कदम सकारात्मक दिशा में उठाया गया है और यह बीजापुर जिले में शांति स्थापित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने माओवादी समूहों से अपील की कि वे आत्मसमर्पण की नीति का लाभ उठाएं और समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर अपना जीवन सुधारें। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सल विरोधी अभियान बिना रुके जारी रहेगा, चाहे वह राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र हो, इंद्रावती पार्क क्षेत्र हो या अन्य कोई भी इलाका, सुरक्षा बलों द्वारा माओवादी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और कार्रवाई की जाएगी। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है। यह घटनाक्रम राज्य में नक्सलवाद के खिलाफचल रही सुरक्षा और पुनर्वास योजना की सफलता को दिखाता है।

### प्रधानमन्त्री मोदी ने

छत्तीसगढ़ की नींव भी मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने भरोसा किया जिससे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डबल इंजन की सरकार बनी और अब स्थानीय निकाय चुनावों में तीसरा इंजन भी जुड़ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ इसमें ऊर्जा, खनिज और कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसे कार्यक्रमों के जरिए अंतिम छोर तक लाभ पहुंचा है। साथ ही रेल, सड़क, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने जनजातीय बहुल छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा और दशा दी है। भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बना और प्रयागराज महाकुंभ में भारत की संस्कृति की भव्यता को दुनिया ने देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी शक्ति से जुटी है।

### सीएम नीतिश ने

कर दिया था। इसलिए हम इधर से उधर चले गए थे, लेकिन अब हम लोगों ने तय कर लिया है कि कभी उधर नहीं जाएंगे। सीएम नीतीश ने इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने ही मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। अटल बिहारी वाजपेयी ने मुझ पर भरोसा जताया था। हम कैसे भूल सकते हैं। हम लोग शुरू से मिलकर काम कर रहे हैं और आगे भी मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा।

### गंगा नदी प्रदूषण

मसीह की पीठ ने एनजीटी के आदेश को चुनौती देने वाली बिहार सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने इस मामले में केंद्र और अन्य हितधारकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब मांगा है।

### समाज ने स्वयंसेवकों

सेवा करते रहते हैं। बता दें कि इसी साल सितंबर में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने वाले हैं। संघ की लंबी यात्रा को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि देश ने संघ के स्वयंसेवकों का काम देखा है, इसके बाद उन्हें स्वीकार किया गया है। भागवत से पहले पीएम मोदी ने भी भारत में संघ की भूमिका को रेखांकित किया। नागपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखने के बाद कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# नवरात्रि पर मीट की दुकानें खुलने पर हंगामा

## पुलिस के पहुंचने से पहले ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बंद कराई दुकानें

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मीट की कई दुकानें खुली होने की सूचना पर हंगामा हो गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आशियाना इलाके में दुकानों के खुलने का विरोध किया। हंगामे-प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस मौके पर काफी देर बाद पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार्यकर्ताओं ने दुकानें बंद करा दीं। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए। इनका कहना है कि सीएम योगी के आदेश की धज्जियां राजधानी में ही उड़ाई जा रही हैं। मंदिर के 100 मीटर दायरे के अंदर ही आशियाना थाना क्षेत्र में मीट की कई दुकानें खुली हैं। मीट की दुकानें बंद कराने की अगुआई बजरंग दल के सुरक्षा प्रमुख सचिन सिंह ने की। विशेष रूप से ध्यान देने वाली बात यह रही कि इस पूरी घटना के दौरान स्थानीय पुलिस मौके पर उपस्थित नहीं थी। कार्यकर्ताओं ने महबूब कुरैशी चिकन शॉप और वकील चिकन सेंटर बंद कराया।

इसके अलावा आशियाना थाना क्षेत्र में करीब सात दुकानें बंद कराई। इस दौरान बजरंग दल का विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी थे। विश्व हिंदू परिषद के नेता कमलेश सिंह ने कहा कि सीएम योगी ने हिंदू पर्व पर मीट की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। उनके आदेशों की यहां धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आज कार्यकर्ताओं फीनिक्स चौकी के पास वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 7 दुकानें बंद कराई। साथ ही फ्रीजर में रखा करीब 5 क्विंटल मीट पुलिस के सुपुर्द कराया। हंगामा की सूचना पाकर इंस्पेक्टर कृष्णा नगर पीके सिंह मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे। उन्होंने हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि मीट की दुकान संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मंदिर के पास खुली मीट की दुकान, मेयर ने लिया एक्शन, सील कराई दुकान** : राजधानी लखनऊ में मंदिर के पास नवरात्रि के पहले दिन ही मीट की दुकान खुलने पर मेयर ने एक्शन लिया है। मौके पर पहुंचकर मेयर ने कार्रवाई की। उन्होंने दुकान को तुरंत सील कराया और दुकानदार पर जुर्माना लगाया दिया। राजाजीपुरम स्थित बालाजी मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर मीट की दुकान खुली होने पर मेयर मौके पर पहुंची थीं। जोन-2 की प्रभारी शिल्पा कुमारी ने कहा कि मीट की दुकान को नगर निगम ने सील कर सामान जब्त कर दिया है। मेयर ने कहा कि धार्मिक आस्थाओं का सम्मान सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ इस आदेश को लागू कर रहा है और यदि कोई भी इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि नवरात्रि के दौरान किसी भी मंदिर परिसर से 500 मीटर के दायरे में कोई भी मांस की दुकान नहीं खुली होनी चाहिए। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने जनता से अपील की कि यदि कहीं भी इस प्रकार के नियमों का उल्लंघन हो रहा हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। इससे समय रहते उचित कार्रवाई की जा सकेगी। नगर निगम और पुलिस प्रशासन भी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन पूरे शहर में धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता बरत रहा है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी प्रतिबंधित गतिविधि मंदिर परिसरों के पास संचालित न हो।

**चैत्र नवरात्रि पर चंद्रिका देवी मंदिर में उमड़ी भीड़, फूलों से सजा दरबार :** हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत्सर 2082 और चैत्र नवरात्रि आज रविवार से शुरू हो गए हैं। प्रदेशभर में नवरात्रि के पहले दिन देवी दुर्गा के माता



### नियमों का उल्लंघन होने पर प्रशासन को तत्काल सूचित करें

शैलपुत्री रूप की पूजा की जा रही है। चंद्रिका देवी मंदिर में भोर में कलश पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कालीबाड़ी मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, अलीगंज हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु धाम समेत सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महंतो ने बताया, नव वर्ष के राजा सूर्य हैं। मंत्री भी सूर्य ही हैं इसलिए जो लोग धर्म-कर्म करते हैं, उनको यह साल विशेष फलदायी होगा। गुड़ी पड़वा पर विधि-विधान से मां भगवती की आराधना करें।

चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना विशेष फल देती है। चंद्रिका देवी मंदिर- भोर में कलश पूजन, पूरे नवरात्रि दुर्गा सप्तशती पाठ। विशाल भंडारे का आयोजन। कालीबाड़ी मंदिर में बंगाली समाज के भव्य दुर्गा पूजन की शुरुआत। पारंपरिक अनुष्ठान होंगे। मनकामेश्वर मंदिर में अखंड रामायण पाठ। रात्रि में विशेष देवी जागरण। हनुमान सेतु मंदिर में मां दुर्गा के नौ रूपों की विशेष पूजा। भक्तों के लिए विशेष श्रृंगार दर्शन। अलीगंज हनुमान मंदिर में सप्तशती पाठ। महाआरती। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण। नौ दिन तक पूरे शहर में देवी गीतों की गूंज और श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलेगी। मंदिरों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। भक्तों की आस्था से शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय है। लखनऊ के आशियाना इलाके के बंगला बाजार स्थित जय मां चन्द्रिका देवी मंदिर के पुजारी पंडित शंकर शरण मिश्र ने बताया की मंदिर का पट 12 बजे बंद कर दिया गया है। शाम 4 बजे दोबारा खुलेंगे।

**काशी में गंगा पूजा कर नव वर्ष का अभिनंदन, शंखनाद और डमरू वादन से सूर्य का स्वागत :** हिन्दू नववर्ष के आगाज पर काशी में जगह-जगह आयोजन हुए। गंगा घाटों पर शंखनाद के साथ नव संवतसर के सूर्य का स्वागत किया गया। भव्य गंगा आरती के बीच काशी ने नए साल का उल्लास मनाया। गंगाघाट पहुंचे सनातनियों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर हिन्दू नए वर्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। उधर, शहर में घरों एवं गांव गलियारों को भगवा ध्वज-पताकों से सजाया गया है। घर के मुख्यद्वार पर वंदनवार लगाए गए और नए साल को लोग अपने-अपने तरीके से नए साल का जश्न मना रहे हैं। गंगा घाट पर संख्या में विदेशी पर्यटक भी आरती में शामिल हुए। आरएसएस के गंगा समग्र की ओर से अस्सी घाट पर मां गंगा का पूजनकर देश के सुख समृद्धि की प्रार्थना की गई।

रविवार सुबह गंगोत्री सेवा समिति और नमामि गंगे ने नव संवत्सर के स्वागत में मां गंगा की आरती उतारी। भगवान भास्कर को दूध से अर्घ्य देकर मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया। सूर्यदेव से दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देते हुए विश्व भर को ऊर्जा से भरने की आराधना की। अर्चकों के साथ मां गंगा की आरती के बाद मानव कल्याण की शांति और पर्यावरण संरक्षण के लिए हवन-पूजन भी किया गया।

**काशी में मंगला आरती के साथ शैलपुत्री का दर्शन-पूजन, गूंजे जयकारे :** भगवान काशी विश्वनाथ की नगरी में मां की आराधना का पर्व का रविवार को सूर्य की पहली किरण के साथ आगाज हो गया। श्रद्धालुों ने धूमधाम से चौत्र नवरात्र व्रत का श्रीगणेश किया। पर्व के पहले दिन ही श्रद्धालुओं में बेहद उत्साह नजर आ रहा है। चौत्र नवरात्र के आगाज पर काशी के मंदिर सजधज कर तैयार किए गए।

दुर्गाकुंड माता मंदिर, विशालाक्षी देवी मंदिर, मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर, शैलपुत्री देवी मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर समेत मंदिरों में शानदार रौनक है। भोर में ही प्रथम पूज्य माता शैलपुत्री का भव्य श्रृंगार किया। माता की मंगला आरती में सैकड़ों भक्त जुटे। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री और मुख निर्मालिका गौरी के दर्शन के लिए भक्त पहुंचे। चौत्र प्रतिपदा पर शहर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा की मंगला आरती उतारी गई। पुजारियों ने दर्शन पूजन कर माता को भोग अर्पित किया। मंदिरों में कलश स्थापना के साथ ही सप्तशती के मंत्रों के साथ माता के पूजन का सिलसिला शुरू हो गया जो नौ दिनों तक लगातार चलेगा। वरुणा नदी के किनारे अलईपुर स्थित माता शैलपुत्री के मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी है। पूरा मंदिर परिसर शेरोवाली के जयघोष से गूंज उठा है। दुर्गाकुंड मंदिर से लेकर अन्नपूर्णा देवी तक भोर में 3 बजे से ही भक्तों की लंबी कतार लगी है। दुर्गाकुंड, दक्षिणेश्वर काली, संकठा देवी, लक्ष्मी, लक्सा स्थित काली मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में भक्त सुबह से ही दर्शन पूजन के लिए पहुंचने लगे थे। घरों में भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा का आह्वान किया। पंडित सचिन तिवारी के अनुसार चौत्र नवरात्र पर सूर्योदय से लेकर दोपहर 2 बजे तक घरों में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है।

# ब्रज की रसोई : नवरात्रि पर सेवा का अनूठा संकल्प, जरूरतमंदों को मिला प्रेमपूर्वक भोजन









**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

### इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के प्रकल्प ब्रज की रसोई द्वारा प्रथम नवरात्रि पर जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण : विपिन शर्मा

**आशियाना/लखनऊ।** नवरात्रि के पहले दिन इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के प्रकल्प ब्रज की रसोई ने जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरित का आज एक अलग ही सेवा और समर्पण का अंदाज पेश किया।

संस्था की सदस्या अनामिका गुप्ता ने अपना जन्मोत्सव अकिंचन, निराश्रित, असहाय बच्चों और बुजुर्गो के साथ मनाया, जिससे आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा मिली। बता दें अनामिका गुप्ता सिटी मोंटेसरी स्कूल में नृत्य की अध्यापिका है। संस्था के मीडिया प्रभारी दीपक भुटियानी के अनुसार, भोजन वितरण अभियान के तहत आलू-गोभी कद्दू मिक्स सब्जी और चावल जरूरतमंदों को परोसा गया। राष्ट्रीय महिलाध्यक्ष रजनी शुक्ला नें बताया यह अभियान सेक्टर-एम रिक्शा कॉलोनी, रतनखंड पानी टंकी के पास स्थित झुग्गियों, निर्माणाधीन विद्यालय के श्रमिकों और जोन 8 के सामने की झुग्गियों में चलाया गया, जिसमें करीब 1020 जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया गया। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि भूख केवल शरीर की नहीं होती, बल्कि यह मानसिक और भावनात्मक वेदना भी होती है। हमारा संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति खाली पेट और निराश मन से न सोए। वहीं, संस्था में आये धनंजय सिंह (मैनेजर एस. के. डी. कोचिंग) ने कहा कि बच्चों की हंसी और बुजुर्गों के आशीर्वाद से बड़ी कोई दौलत नहीं होती, इसलिए संस्था निरंतर समाज सेवा में संलग्न है। अमित गुप्ता कहते है बुजुर्गो ने कहा कि नवरात्रि पर देवी मां की कृपा से मिला यह भोजन हमारे लिए किसी प्रसाद से कम नहीं है।

वहीं अनुराग दूबे नें बताया बच्चों ने भी स्वादिष्ट भोजन पाकर अपनी खुशी जाहिर की और संस्था को ढेरों शुभकामनाएं दीं। संस्था के सदस्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि ब्रज की रसोई का उद्देश्य सिर्फ पर्व-त्योहारों पर ही नहीं, बल्कि नियमित रूप से जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाना है। ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें। संस्था में आये एस. के. डी. कोचिंग के एच. ओ. डी. प्रमोद श्रीवास्तव सर ने कहा समाज के सक्षम वर्ग से जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की। उनका कहना था कि यदि हर व्यक्ति थोड़ा योगदान करे, तो भूखमुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। वहीं शिल्पी गुप्ता नें बताया भूख से परेशान बच्चों और बुजुर्गों को जब प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया, तो उनके चेहरे पर जो खुशी आई, वह शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। इस अभियान में धनंजय सिंह, दीपक भुटियानी, प्रमोद श्रीवास्तव, अनुराग दूबे, अमित गुप्ता, विकास पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव, अशोक कुमार, मुकेश कनौजिया, रंजीत कश्यप, नबल सिंह, निशांत सिंह, दिव्यांशु राज, यथार्थ अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, अनामिका गुप्ता, रजनी शुक्ला सहित कई समाजसेवियों ने भाग लिया। विपिन शर्मा ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और इस सेवा कार्य को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी की यह पहल नवरात्रि के सच्चे अर्थों में माँ दुर्गा की सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई।

## नव वर्ष अभिनन्दन समारोह में शामिल हुए बृजेश पाठक

**लखनऊ, चसं।** वंदे मातरम् राष्ट्रीय मंच के प्रदेश कार्यालय गीता पल्ली आलमबाग लखनऊ में प्रातः 5.30 बजे वंदे मातरम् राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। पहले इको गार्डन चौराहा गीता पल्ली, आलमबाग में पहुंचकर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उगते सूर्य को नमस्कार करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं भारत माता की आरती की गयी। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने भगवा पताका लेकर इको गार्डन चौराहा से बाइक रैली निकाली। मोटरसाइकिलों पर सवार कार्यकर्ता नारे लगाते हुए इको गार्डन चौराहा से वी.आई. पी. रोड, तिलकेश्वर महादेव मंदिर, पकरी का पुल, आजाद नगर चौराहा, हसनापुर तिराहा होते हुए प्रदेश कार्यालय पहुंचे। बाइक रैली पर अनेक स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा की।प्रदेश कार्यालय पर ही रैली का समापन हुआ एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# देश-विदेश डायरी

## अमेरिका ने ताइवान को सौंपा एफ-16 फाइटर जेट, सेना कर रही थी बेसब्री से इंतजार



**ताइपे, एजेंसी।** अमेरिका ने लंबे समय से प्रतीक्षित 66 एफ-16सी/डी ब्लाक 70 जेट फाइटर में से पहला विमान शुक्रवार को ताइवान को सौंपा। यह डिलीवरी समारोह अमेरिका के ग्रीनविले साउथ कैरोलिना में लाकहीड मार्टिन के कारखाने में आयोजित किया गया। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा उप मंत्री पो हार्नग-हुई और अमेरिका में प्रतिनिधि अलेक्जेंडर यूई ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अमेरिकी प्रतिनिधि विलियम टिमम्न्स ने भी ताइवान की वायु रक्षा क्षमताओं का समर्थन करने पर गर्व व्यक्त किया और एक्स पर समारोह की तस्वीर साझा की। ताइवान को दिए गए एफ-16सी/डी ब्लाक 70 जेट विमानों में अपग्रेड के बाद एफ-16वी के समान क्षमताएं हैं। ये जेट विमान ताइवान की नवगठित 7वीं सामरिक लड़ाकू विंग को सौंपे जाएंगे, जो द्वीप के पूर्वी क्षेत्र की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। जनवरी में, ताइवान के राष्ट्रपति विलियम लाई ने कहा था कि विंग में तीन सामरिक समूहों में से दो को पहले ही नियुक्त किया जा चुका है और वे जेट के आने का इंतजार कर रहे हैं। ताइपे टाइम्स ने बताया कि एफ-16सी/डी ब्लाक 70 लाकहीड मार्टिन के एफ-16 का आखिरी संस्करण होने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिका और उसके सहयोगी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की ओर बढ़ रहे हैं।

## समझौता नहीं किया तो होगी बमबारी न्यूक्लियर डील पर ट्रंप की ईरान को धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनालड ट्रंप ने रविवार को ईरान को खुली धमकी दी। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि यदि तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर वाशिंगटन के साथ समझौता नहीं करता है तो उस पर बमबारी की जाएगी तथा अतिरिक्त शुल्क लगाए जाएंगे। बता दें कि एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी और ईरानी अधिकारी इस मामले में बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इस मुद्दे पर कुछ भी डिटेल में नहीं बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर वे (ईरान) कोई सौदा नहीं करते हैं, तो बमबारी होगी। लेकिन एक संभावना यह भी है कि अगर वे कोई सौदा नहीं करते हैं, तो मैं उन पर अतिरिक्त टैरिफ लगा दूंगा, जैसा मैंने चार साल पहले किया था। जानकारी दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका को 2015 के ईरान परमाणु समझौते से अलग कर लिया था। बता दें कि इस समझौते के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त प्रतिबंध लगता था। इसके बदले ईरान को आथिकि प्रतिबंधों में राहत मिली थी। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर कई कड़े अमेरिकी प्रतिबंध वापस से लागू कर दिए। इन प्रतिबधों के बाद ईरान में आर्थिक संकट फिर और बढ़ गया। ध्यान देने वाली बात है कि ईरान की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों को खारिज कर दिया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने इस मामले को लेकर कहा कि ईरान ने ट्रंप के पत्र का जवाब ओमान के माध्यम से भेज दिया है। बता दें कि इस पत्र में डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान से नए परमाणु समझौते की अपील की गई थी। डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी से मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ने की संभावाना है। वर्तमान में ईरान लगातार अपने यूरेनियम संवर्धन को तेज कर रहा है। जिससे चिंता बढ़ रही है।

## मस्क एक मसखरा, टेस्ला है एक स्कैम, इलोन मस्क से रिश्ता तोड़ चुकी बेटी ने पिता को सुनाई खरी खरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क से रिश्ता तोड़ चुकी उनकी बेटी विवियन विल्सन हाल ही में वामपंथी ट्विच स्ट्रीमर हसन पिकर के साथ दो घंटे की लाइव स्ट्रीम में नजर आई। इस इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपने पिता की जमकर आलोचना की। इस दौरान विवियन ने बचपन के दौरान और पिता के व्यवहार. मंगल ग्रह पर कोलॉनी बसाने की उनकी योजना पर खुलकर बात की। इंटव्यू के बीच में विवियन विल्सन ने टेस्ला कंपनी को पोंजी स्कीम बताया है। मस्क की बेटी ने कहा, मैं एक ट्रांसजेंडर हूं। मैं मशहूर हूं। कभी-कभी लोग मुझसे नाराज हो जाते हैं क्योंकि मैं एक ट्रांसजेंडर हूं। ऐसा ज्यादा होता है क्योंकि मैं मशहूर हूं। मुझे परवाह नहीं है, लोग मुझे जितनी चाहें उतनी नफरत भरी कमेंट भेज सकते हैं। जब मस्क की कार्यशैली के बारे में पूछा गया तो विल्सन ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें अधिकतर समय काम करते हुए देखा है, वह कार में बैठे कर्मचारियों पर चिल्ला रहे थे, जबकि हम भयभीत होकर देख रहे थे, मानो वह चीख रहे हो। उन्होंने मस्क को एक इनसिक्योर मसखरा और आत्ममुग्ध व्यक्ति कहा है। विल्सन ने दावा किया कि टेस्ला एक पोन्ज़ी योजना की तरह काम करती है, और उन्होंने कंपनी के हाई P/E रेश्यो को सबूत बताया।






## उत्तर प्रदेश में भारत के नक्शे वाला अनूठा तालाब

**लखनऊ, चसं।** सहारनपुर के चकवाली गांव स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत सरोवर' देशभर में अपनी विचित्र बनावट के लिए प्रसिद्ध है। भारत के नक्शे के आकार में बने तालाब को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। पर्यटन विभाग इस सरोवर का सौंदर्यीकरण करेगा। सरोवर के आसपास पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास किया जाएगा।उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना पर 2.43 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य किए जाएंगे। वाचटावर, प्रवेश द्वार, फूड स्टॉल, गजीबो, हॉर्टिकल्चर, शौचालय, पाथवे, सोलर लाइट, साइनेजेज और सूचना डेस्क जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इस योजना के लिए 1.2 करोड़ रुपए पहले जारी किए जा चुके हैं। सहारनपुर स्थित मां शाकुंभरी देवी मंदिर प्रमुख आध्यात्मिक स्थल है, श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने आते हैं।

## पीएम मोदी के मन की बात का संदेश, कई जगहों पर हुआ कार्यक्रम

**लखनऊ, चसं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर रविवार को राजधानी लखनऊ में भाजपा नेताओं ने अलग-अलग स्थानों पर आयोजन किए। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ बैठकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना और उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भूतनाथ मार्केट स्थित फॉर्मेटिव डे स्कूल में कार्यकर्ताओं संग कार्यक्रम को सुना। वहीं, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज में मौजूद रहकर जनता से संवाद किया। नोएडा विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने डीएवी कॉलेज, मोती नगर हॉल में मन की बात सुनी, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने त्रिवेणी नगर में अनिल अग्रवाल के आवास पर कार्यक्रम में भाग लिया।